page 1_Layout 1 15-09-2026 21:31 Page 1

डेली आवाज़ भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज़ भारती

आवश्यकता

'**डेली आवाज़ भारती**' को विभिन्न क्षेत्रों में न्यूज़ रिपोर्टर एवं ब्यूरो चीफ की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी पत्रकार संपर्क करें।
मो. +91 98766 79246

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » बुधवार, 16 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :144 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

लुधियाना एनकाउंटर में बड़ी चूक

एआई की एक गलती ने मचाया हड़कंप



जिंदा निकला 'मृत' संदीप

- पुलिस मुठभेड़ में मारे गए दो शूटरों की पहचान को लेकर बड़ा खुलासा हुआ
- दोनों की तस्वीरें पंजाब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम में अपलोड की थीं
- वहीं बाद में पुलिस को पता चला कि संदीप जिंदा है और जमानत पर बाहर है
- जांच में सामने आया कि एनकाउंटर में मारा गया दूसरा शूटर गुरप्रीत सिंह है

डेली आवाज भारती

लुधियाना। लुधियाना में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए दो शूटरों की पहचान को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने दोनों मृतकों की तस्वीरें पंजाब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम (PAIS) में अपलोड की थीं। AI फेस रिकग्निशन के जरिए एक की पहचान करनजोत सिंह उर्फ नोनू और दूसरे की पहचान अमृतसर निवासी संदीप के रूप में हुई थी। बाद में पुलिस को पता चला कि संदीप जिंदा है और जमानत पर बाहर है। इसके बाद पुलिस ने दोबारा जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि एनकाउंटर में मारा गया दूसरा शूटर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (18) था, जो जालंधर के धीणा गांव का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, गुरप्रीत का चेहरा संदीप से काफी मिलता-जुलता था, जिसके चलते AI सिस्टम से पहचान में गलती हुई। पुलिस टीम ने अमृतसर जाकर संदीप का फिजिकल वेरिफिकेशन भी किया। पुलिस के अनुसार, संदीप पहले एक आपराधिक मामले में जेल जा चुका है और फिलहाल जमानत पर है। हालांकि, ब्लड डोनेशन कैंप में प्रस्तावित हमले की साजिश से उसका कोई सीधा संबंध सामने नहीं आया है। पुलिस को इनपुट मिला था कि बाइक सवार दो शूटर आत्मा पार्क में लगे ब्लड डोनेशन कैंप में पहुंचकर विरोधी गैंग के सदस्यों को निशाना बनाने वाले हैं। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोप है कि शूटरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।पुलिस के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान करीब 25 राउंड फायरिंग हुई। दोनों शूटरों को गोलियां लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

जालंधर फायरिंग केस में थे वांटेड

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों शूटर 20 जून 2026 को जालंधर के थाना डिवीजन नंबर-5 में दर्ज फायरिंग केस में वांटेड थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विदेशी गैंगस्टरों डोनी बल और शगनप्रीत के निर्देश पर ब्लड डोनेशन कैंप में हमला करने का टास्क दिया गया था। पुलिस को मुठभेड़ के बाद अत्याधुनिक हथियार भी बरामद हुए हैं। इनमें से एक हथियार पाकिस्तान निर्मित होने का संदेह जताया गया है।

जिम्बाब्वे के क्रिकेटर ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड

सबसे लंबे समय तक वनडे खेलने वाले बल्लेबाज बने

डेली आवाज भारती



- ब्रेंडन टेलर का वनडे करियर 22 साल 4 महीने का हो गया
- 2004 में जिम्बाब्वे के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था
- 11 शतक व 39 अर्धशतक की मदद से 6704 रन बनाए

जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हरारे में पहला वनडे खेलते ही इतिहास रच दिया। टेलर ने भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ते लंबे समय तक वनडे खेलने वाले खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल की। ब्रेंडन टेलर का वनडे करियर 22 साल 4 महीने का हो गया है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 22 साल 3 महीने लंबे वनडे करियर को पीछे छोड़ दिया। ब्रेंडन टेलर ने 2004 में जिम्बाब्वे के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। वह टीम के सबसे सफल बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं। जिम्बाब्वे के लिए अब तक 207 वनडे मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 11 शतक और 39 अर्धशतक की मदद से 6704 रन बनाए। वनडे क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 145 रन रहा है। टेलर लंबे समय से जिम्बाब्वे के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं और उनके नाम टीम के लिए कई अहम पारियां दर्ज हैं। सचिन तेंदुलकर ने साल 2012 में वनडे क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने अपने शानदार वनडे करियर में 463 मैच खेले और 18,426 रन बनाए। सचिन भले ही सबसे लंबे वनडे करियर का रिकॉर्ड गंवा चुके हैं, लेकिन सबसे ज्यादा वनडे मैच खेलने और सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अब भी उनके नाम है। वनडे क्रिकेट में सचिन के आंकड़े आज भी उनके दबदबे को दिखाते हैं।

2021 में लिया था संन्यास, फिर मैदान पर लौटे

40 वर्षीय ब्रेंडन टेलर ने साल 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद 2022 में ICC के एंटी-करप्शन और एंटी-डोपिंग कोड के उल्लंघन के मामले में उन पर साढ़े तीन साल का बैन लगाया गया। बैन पूरा होने के बाद टेलर ने 2025 में क्रिकेट में वापसी की। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे खेलने के साथ उन्होंने अपने नाम एक ऐसा रिकॉर्ड कर लिया है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

पंजाब ने आंगनवाड़ी पोषण प्रणाली में किया बड़ा बदलाव

भगवंत मान सरकार ने गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए 'टेक होम राशन' के वितरण चक्र को 45 दिन से घटाकर 15 दिन किया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/सुकून महाजन: राज्य भर में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी परिणामों को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार के सामाजिक सुरक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यू.सी.डी.) ने 27,000 आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से दिए जाने वाले पूरक पोषण में व्यापक बदलाव किया है। 27,000 आंगनवाड़ियों में 3 से 6 वर्ष की आयु के 1.1 लाख बच्चों को अब ÷पकाने के लिए तैयार÷ भोजन की बजाय स्वस्थ और पका हुआ गर्म भोजन दिया जा रहा है। पहले पंजाब के आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पैक किए गए पकाने के लिए तैयार भोजन को ÷पका हुआ भोजन÷ के रूप में दिया जाता था। विभाग द्वारा भोजन तैयार करने की प्रक्रिया को पूरी तरह विकेंद्रीकृत किया गया है, जिसके तहत केंद्रीय रूप से आपूर्ति किए गए पैक किए गए भोजन की जगह अब मौके पर तैयार किया जाने वाला ताजा, रोजाना पकाया जाने वाला भोजन दिया जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए, सरकार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को हर दिन ताजा, स्थानीय उत्पाद प्राप्त करने और अपने क्षेत्र के अनुसार बच्चों के लिए भोजन तैयार करने हेतु आवश्यक संसाधन, धनराशि के साथ-साथ सुविधाएं और सहायता प्रदान की जा रही है।

इस सहायता से फ्रंटलाइन कार्यकर्ता बेहतर पोषण और स्वच्छता सुनिश्चित करते हुए बच्चों के लिए ताजा एवं स्वस्थ भोजन उपलब्ध करवाएंगे। पोषण के दृष्टिकोण से ताजा तैयार किया गया भोजन पैक किए गए भोजन की तुलना में अधिक लाभ प्रदान करता है। इसमें प्राकृतिक पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं और भोजन को बच्चों की पसंद के अनुसार तैयार किया जा सकता है। इसके साथ ही बड़े स्तर पर तैयार किए जाने वाले पैकेट वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद प्रिजर्वेटिव्स, लंबे समय तक खाने योग्य बनाए रखने तथा गुणवत्ता में अस्थिरता जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। इस आयु वर्ग में पोषण के महत्व, विशेषकर मस्तिष्क और शारीरिक विकास के संदर्भ में, को ध्यान में रखते हुए पंजाब सरकार ने इस व्यवस्था में बुनियादी सुधार करने का निर्णय लिया। गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए बनाई गई व्यवस्था में भी बड़े सुधार किए गए हैं, जिसके तहत प्रत्येक जिले में स्थानीय उत्पादन संयंत्र स्थापित किए गए हैं, सामुदायिक निगरानी की व्यवस्था की गई है और 'टेक होम राशन' के वितरण चक्र को 45 दिन से घटाकर 15 दिन कर दिया गया है।

शिरोमणी अकाली दल के समर्थन में तुफान उठना शुरू

सिख पंथ के गद्दारों के साथ-साथ दिल्ली की सभी पार्टियों को भी बहा देगा: सरदार सुखबीर सिंह बादल

- भगवंत मान की आलोचना करते हुए कहा कि पंजाब ने इससे बदतर मुख्यमंत्री कभी नही देखा

डेली आवाज भारती



फतेहगढ़ साहिब/ शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज कहा है कि पार्टी के समर्थन में एक तुफान उठना शुरू हो गया है जो सिख पंथ के गददारों के उन सभी गददारों को बहाकर ले जाएगा, जिन्होने अकाली दल को कमजोर करने के लिए दिल्ली की पार्टियों एवं केंद्रीय एजेंसियों के साथ हाथ मिलाया। पंजाब बचाओ अभियान के तहत एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने लोगों से यह पहचानने का आग्रह किया कि कौन सी पार्टी उनकी अपनी है और कौन सी एजेंसियों की कठपुतली के रूप में काम कर रही हैं उन्होने कहा,'' ऐसे तत्व कभी भी आपके हितों की रक्षा नही करेंगें।'' वारिस पंजाब दे जत्थेबंदी का जिक्र करते हुए उन्होने कहा,'' इस पार्टी का एकमात्र मकसद अकाली दल को हराना है। इसने सार्वजनिक रूप से माना है कि यह आपके यां पंथ के लिए कुछ भी सकारात्मक नही कर सकती।'' यह कहते हुए कि शिरोमणी अकाली दल विकास ,शांति और भाईचारक सांझ के लिए प्रतिबद्ध है और गुरु साहिबान द्वारा प्रतिपादित 'सरबत दा भला' सिद्धांत का पालन करती है। उन्होने कहा,'' शासन का यह समावेशी मॉडल बांटने वाली ताकतों को पंसद नही है। यही कारण है कि मुझ पर दो बार हमला किया गया। इन ताकतों को लगता है कि हमारे गुरुघरों पर कब्जा करने के मकसद में बाधा शिरोमणी अकाली दल है। मैं उन्हें साफ तौर पर बताना चाहता हूं कि चाहे हमारे सिर काट दिए जाएं लेकिन हम अपने सिद्धांतों से कभी भी पीछे नही हटेंगें'। मुख्यमंत्री भगवंत मान की आलोचना करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा,'' पंजाब ने इससे बदतर मुख्यमंत्री नही देखा।'' उन्होने कहा कि भगवंत मान न केवल गुरु साहिबानों की तस्वीरों पर शराब छि ककर और संत जरनैल सिंह भिंडरावाला की प्रतिमा पर पेशाब करके बेअदबी का दोषी है, बल्कि उन्होने मुख्यमंत्री कार्यालय को भ्रष्टाचार का अडडा बना दिया है। '' पोस्टिंग और ट्रांसफर बेचे जा रहे हैं। बलात्कारियों का करो ों रूपये के बदले संरक्षण दिया जा रहा है। यहां तक कि गुरप्रीत सेखों जैसे गैंगस्टर , जिसके खिलाफ 50 आपराधिक मामले दर्ज हैं , उसे भी आम आदमी पार्टी में शामिल किया जा रहा है।''

पंजाब में 5 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी! साइबर सेल की टीम जांच में जुटी

● धमकी मिलने के बाद स्कूलों में मचा हड़कंप ● एहतियातन के तौर पर खाली करवाए स्कूल

- बच्चों की छुट्टी कर दी और सर्च ऑपरेशन चलाया
- आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई

डेली आवाज भारती



पंजाब के जलालाबाद में 4 से 5 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद स्कूलों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद मैनेजमैंट ने एहतियातन के तौर पर स्कूल खाली करवा दिए हैं और बच्चों की छुट्टी कर दी। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ। स्कूल की तरफ से बताया कि स्कूल को बम ब्लास्ट की धमकी भरा मेल मिला है। करीब साढ़े 11 बजे मेल मिली है, जिसमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके बाद स्कूल में छुट्टी कर दी गई। सभी पेरेंट्स को फोन कर अपने बच्चों को स्कूल से ले जाने के लिए कहा गया है। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मामले पर साह मोहित धवन ने बताया कि जलालाबाद के चार से पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद एंटी सैबोटेज टीम को भी बुला लिया गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। साइबर सेल की टीम भी जांच में जुटी है कि मेल कहां से आई है। घटना के बाद स्कूलों और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।


अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधिया जानकारी के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सर्च अभियान जारी है। अधिकारियों की जांच पूरी होने के बाद ही धमकी की वास्तविक स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

जालंधर हाइट्स-2 में 24 साल की जैसमीन सुसाइड केस में पुलिस का आया बयान

डेली आवाज भारती

नोट लिखा- I WAS WRONG, I AM SORRY



जालंधर/जतिनः जालंधर हाइट्स-2 के डी ब्लॉक में 24 वर्षीय जैसमीन की 14वीं मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई थी। जैसमीन फरीदकोट में तैनात एसपी कर्मवीर सिंह चहल की बेटी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना सदर मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया था। मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में जैसमीन का पोस्टमार्टम करवाया गया। अब पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना सदर के SHO बलकरण ने बताया कि पुलिस को जैसमीन की मौत की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शुरुआती तौर पर मौत का कारण डिप्रेशन बताया जा रहा है।

तीसरी घटना का पुलिस ने दिया जवाब

जालंधर हाइट्स में पिछले 6 महीनों के दौरान छत से गिरने के कारण युवतियों की मौत की घटनाओं को लेकर भी स।ह से सवाल किया गया। इस पर उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में फिलहाल कुछ नहीं कह सकते। पुलिस ने मामले में ब्नहस की धारा 194 के तहत कार्रवाई शुरू की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

1984 सिख हत्याकांड पर कांग्रेस सवालों से बच नहीं सकती

सचिन पायलट को जवाब देना होगा : कुलदीप सिंह धालीवाल

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप सिंह धालीवाल ने मंगलवार को 1984 सिख हत्याकांड पर सवालों का जवाब देने से इनकार करने पर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सचिन पायलट पंजाब आकर सज्जन कुमार और कमलनाथ के बारे में सवालों से नहीं भाग सकते। चंडीगढ़ में कांग्रेस की रैली पर प्रतिक्रिया देते हुए, आप पंजाब के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि जब सचिन पायलट से सिखों के नरसंहार के सिलसिले में सज्जन कुमार और कमलनाथ के बारे में पूछा गया, तो सचिन पायलट जवाब देने से बच गए। उन्होंने कहा, ÷सचिन पायलट, आप इन सवालों से नहीं बच सकते। आपको इन सवालों का जवाब देना होगा। आप पंजाब के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस को हजारों पंजाबियों और सिखों की हत्याओं के लिए पंजाब और पंजाबियों को जवाब देना होगा। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस के खूनी पंजों ने हजारों पंजाबियों और सिखों को मारा है। इसलिए हम पंजाब में हर मोड़ पर आपसे ये सवाल पूछेंगे, और आपको जवाब देना होगा। मीडिया भी पूछेगा और जनता भी पूछेगी। कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि सिखों के साथ जो हुआ, उसके लिए कांग्रेस को कभी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लीडर इस मुद्दे से मुंह नहीं मोड़ सकते और उम्मीद नहीं कर सकते कि यह मामला खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, ÷हमारे जख्म आज भी ताजे हैं। जब आप यहां आकर हमारे जख्मों पर नमक छिड़केंगे, तो आपको इसका जवाब देना होगा। कांग्रेस लीडरशिप पर निशाना साधते हुए कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि पार्टी दावा कर रही है कि सब एक साथ आ गए हैं और उसके लीडर बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लीडरों को यह भी याद रखना चाहिए कि उनके आस-पास बैठे कई चीफ मिनिस्टर उन सवालों को नहीं बदल पाएंगे जो पंजाब लगातार पूछ रहा है। कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा, कांग्रेस की नाव यहां भी डूबेगी, लेकिन याद रखना, पंजाबी और सिख आपसे हमेशा ये सवाल पूछते रहेंगे और पूछते रहेंगे।

भगवंत मान सरकार का नशों और गैंगस्टरों के खिलाफ सख्त अभियान

विदेशों से अपराधियों को पकड़कर लाया जा रहा : बलतेज पन्नू

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने मंगलवार को कहा कि भगवंत मान सरकार के नशों और गैंगस्टरों के खिलाफ सख्त अभियान ने इस लड़ाई को पंजाब की सीमाओं से बाहर पहुंचा दिया है। पंजाब पुलिस दुनिया भर से एक दर्जन से ज़्यादा गैंगस्टरों को वापस ला चुकी है, जिसमें हाल ही में लॉरेंस बिश्नोई का करीबी करमवीर देव भी शामिल है, जिसे कनाडा से डिपोर्ट किए जाने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा गया था। बलतेज पन्नू ने कहा कि अमेरिका, दुबई, मलेशिया से लेकर मोल्दोवा तक, मान सरकार ने पंजाब पुलिस को हाई-टेक बनाया है और अपराध रोकने और गैंगस्टरों का पीछा करने के लिए बेहतर इक्विपमेंट से लैस किया है, जिससे यह साफ संदेश गया है कि पंजाब में अपराध में शामिल कोई भी गैंगस्टर दुनिया के किसी भी कोने को सुरक्षित जगह नहीं मान सकता। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा, ÷सत्ता में आने के बाद, भगवंत मान सरकार ने नशों और गैंगस्टरों के खिलाफ लड़ाई को प्राथमिकता दी है। हमने पंजाब में एक्टिव क्रिमिनल नेटवर्क को खत्म करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की हैं और विदेश भागे गैंगस्टरों का भी पीछा किया है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए आप पंजाब मीडिया इंचार्ज ने कहा, विपक्ष के पास पंजाब के लोगों को देने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए वह बार-बार मुद्दे उठाकर पंजाब सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है और संगठित अपराध के खिलाफ़ हो रही कार्रवाई को नज़रअंदाज़ कर रहा है। बलतेज पन्नू ने कहा कि पंजाब का इतिहास बताता है कि 2007-2017 के समय में गैंगस्टरवाद में बहुत ज़्यादा बढ़ोतरी हुई थी। उन्होंने कहा, अगर हम पंजाब में गैंगस्टरवाद के इतिहास को देखें, तो 2007-2017 के समय में यह घटना काफ़ी बढ़ गई थी। यह वह समय था जब 'गैंगस्टर' शब्द पंजाब की पहचान और पब्लिक डिस्कोर्स का हिस्सा बन गया था। उन्होंने कहा कि 2017-2022 की कांग्रेस सरकार के दौरान भी यही हाल रहा। उन्होंने कहा, 'इन नेटवर्क को खत्म करने के बजाय, कांग्रेस सरकार ने उत्तर प्रदेश से एक गैंगस्टर को पंजाब की जेल में लाकर वीआईपी सुविधाएं दीं।

CMYK

page 2_Layout 1 15-09-2026 21:15 Page 1

केप टाउन में 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का शुभारंभ, हरविन्द्र कल्याण के नेतृत्व में हरियाणा शिष्टमंडल शामिल

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का शुभारंभ सोमवार देर शाम दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाउन में हुआ। सम्मेलन का आधिकारिक उद्घाटन दक्षिण अफ्रीका प्रेसीडेंसी में मंत्री एम. रामोक्गोपा ने किया। इस समारोह में हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के नेतृत्व में हरियाणा का शिष्टमंडल शामिल हुआ।

शिष्टमंडल में विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा तथा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा शामिल हैं। 13 से 19 सितंबर तक आयोजित किए जा रहे इस सम्मेलन की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका की संसद और सीपीए दक्षिण अफ्रीका शाखा द्वारा की जा रही है। उद्घाटन समारोह में दक्षिण अफ्रीका का राष्ट्रगान तथा कॉमनवेल्थ वुमन पार्लियामेंटेरियंस एंथम प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सिटी ऑफ केप टाउन की मेयरल कमेटी की सदस्य एल्डरमैन टी. यूइस ने स्वागत संबोधन दिया। दक्षिण अफ्रीका की नेशनल काउंसिल ऑफ प्रोविंसेज की अध्यक्ष आर. म्श्वेनी-त्सिपाने ने उद्घाटन सत्र का शुभारंभ किया। समारोह में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के महासचिव स्टीफन ट्विग ने संबोधित किया। इसके पश्चात राष्ट्रमंडल की महासचिव एस. अयोनकोर बोत्चवे तथा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की चेयरपर्सन डॉ. सी. कलीला ने भी अपने विचार रखे। नेशनल असेंबली की उपाध्यक्ष ए. लोटरिएट ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

उद्घाटन समारोह के पश्चात राष्ट्रमंडल के विभिन्न देशों की विधान सभाओं एवं संसदों के अध्यक्षों के साथ सामूहिक चित्र के बाद रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राष्ट्रमंडल देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।

भारत का वस्तु निर्यात अगस्त में 26 प्रतिशत बढ़ा, व्यापार घाटे में आई कमी

नई दिल्ली, । भारत का वस्तु निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 26.1 प्रतिशत बढ़कर 43.81 अरब डॉलर हो गया है। यह निर्यात में देश का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। यह इस बात की भी पुष्टि करता है कि देश का निर्यात क्षेत्र लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रहा है। यह जानकारी सरकार की ओर से मंगलवार को दी गई। इस दौरान देश के व्यापार घाटे में भी कमी देखने को मिली है, जो कि अगस्त में 26.86 अरब डॉलर पर रहा है, जो कि एक साल पहले समान अवधि में 27.22 अरब डॉलर पर था। इस साल जुलाई में व्यापार घाटा 32 अरब डॉलर था। अगस्त में वस्तु आयात सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 72.67 अरब डॉलर पर रहा है, जो कि इस साल जुलाई में 76.22 अरब डॉलर था। मासिक आधार पर अगस्त में निर्यात में भी कमी दर्ज की गई है, जो कि जुलाई में 44.24 अरब डॉलर पर था। वाणिज्य मंत्रालय में सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, ‘निर्यात में बढ़ोतरी इंजीनियरिंग के सामान, पेट्रोलियम उत्पादों, केमिकल और टेक्सटाइल की वजह से हुई और इनकी सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, ईयू और ब्रिक्स देशों से थी।

पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष सेवा के पूर्ण होने पर चलेगा विशेष अभियान : राव नरबीर



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा है। उनके जन्मदिवस को इस बार सेवा संकल्प माह के रूप में मनाया जाएगा और हरियाणा में इस अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महेंद्रगढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम से करेंगे। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मंगलवार को नारनौल में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सेवा संकल्प अभियान को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी 13 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और पिछले 12 वर्षों से लगातार देश के प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात मॉडल को देश के नागरिकों ने पूरी तरह अपनाया है, और यही वजह है कि जनता लगातार नरेंद्र मोदी को देश सेवा का अवसर दे रही है। राव नरबीर ने कहा दक्षिणी हरियाणा से प्रधानमंत्री का विशेष लगाव रहा है। 13 सितंबर को नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में घोषित किया गया था और ठीक दो दिन बाद, 15 सितंबर को रेवाड़ी में एक विशाल जनसभा आयोजित हुई थी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल लक्ष्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना है। इसी उद्देश्य से इस अभियान के दौरान सरकारी सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 12 अलग-अलग मॉडल तैयार किए गए हैं।

100 से अधिक शाखाओं में हजारों युवाओं ने विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2027 क्विज में उत्साहपूर्वक किया प्रतिभाग

डेली आवाज भारती



सोनीपत। विकसित भारत के निर्माण में देश के युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद (VBYLD) 2027 के अंतर्गत आईसीएस कोचिंग सेंटर की 100 से अधिक शाखाओं में हजारों युवा विद्यार्थियों ने एक साथ क्विज में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने क्विज में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी जागरूकता, ज्ञान एवं विकसित भारत के निर्माण के प्रति रुचि का परिचय दिया। इस अवसर पर मायभारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से श्री मोहित राठी, कार्यक्रम सहायक तथा आईसीएस कोचिंग सेंटर के निदेशक श्री परिमल कुमार ने विद्यार्थियों को विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद (VBYLD) 2027 के उद्देश्य, महत्व एवं विभिन्न चरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को क्विज में पंजीकरण एवं सहभागिता की प्रक्रिया के बारे में चरणबद्ध तरीके से मार्गदर्शन दिया गया तथा उन्हें इस राष्ट्रीय युवा पहल में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद देश के युवाओं को विकसित भारत की परिकल्पना से जोड़ने तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से युवाओं को अपने विचारों, ज्ञान, रचनात्मक सोच एवं नेतृत्व क्षमता को सामने रखने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि क्विज इस संवाद की यात्रा का महत्वपूर्ण प्रारंभिक चरण है, जिसके माध्यम से युवा विभिन्न राष्ट्रीय एवं विकासात्मक विषयों के प्रति अपनी समझ को मजबूत कर आगे की गतिविधियों में सहभागिता के लिए स्वयं को तैयार कर सकते हैं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी, उनके विचार एवं नेतृत्व क्षमता विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। आईसीएस कोचिंग सेंटर की 100 से अधिक शाखाओं में एक साथ हजारों युवाओं की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा के युवा विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं। इस प्रकार की पहल युवाओं में नेतृत्व क्षमता, जागरूकता, रचनात्मक सोच और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

माइग्रेटरी बुखार को लेकर पीएचसी घड़ूंआं की टीम ने किया सर्वेक्षण

घड़ूंआं, (संदीप अकालगढ़िया) – पंजाब सरकार एवं सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन के दिशा-निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीत मोहन सिंह खुराना के नेतृत्व में पीएचसी घड़ूंआं की स्वास्थ्य टीम द्वारा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के निकट स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में माइग्रेटरी बुखार को लेकर विशेष सर्वेक्षण किया गया।सर्वेक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मी बलजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह तथा पीएचसी घड़ूंआं के ब्रीडिंग चेकर्स ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एकत्रित की। बुखार अथवा बुखार से संबंधित लक्षणों वाले लोगों की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट (आरडीटी) किटों का इस्तेमाल किया गया। जांच के बाद जरूरत के अनुसार लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह भी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीत मोहन सिंह खुराना ने कहा कि प्रवासी आबादी वाले क्षेत्रों में समय पर सर्वेक्षण एवं स्वास्थ्य जांच करना बीमारियों की रोकथाम के लिए बेहद जरूरी है।

70वें पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलों का शानदार शुभारंभ

उभरते हुए खिलाड़ियों को विशेष अवसर दिए जा रहे हैं : हेयर से मिलिए

■ होशियारपुर ने कपूरथला को 4 विकेट से हराया

डेली आवाज भारती

बरनाला/धनौला, (राकेश जेठी) मुख्यमंत्री एस. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार युवाओं को खेलों से जोड़ने और उभरते खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। पूर्व खेल मंत्री और वर्तमान लोकसभा सदस्य गुरमीत सिंह मीट हेयर ने आज धनाउला स्थित सेक्रेड हार्ट ग्रुप में आयोजित 70वें पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल क्रिकेट अंडर 14 वर्ष (लड़कों) प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। इस अवसर पर खेलों के शुभारंभ की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार खेल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इसी के तहत पंजाब के उभरते खिलाड़ियों को विशेष अवसर प्रदान करने के लिए पहली बार शेरे पंजाब क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया है। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए श्री मीट हेयर ने कहा कि निरंतर मेहनत से ही कोई अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) सुनीतिंदर सिंह गिल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल शारीरिक फिटनेस के लिए आवश्यक होने के साथ-साथ हमारे व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए भी आवश्यक हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा उप अधिकारी (डीईओ) डॉ. बरजिंदरपाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज बरनाला की टीम ने शानदार भांगड़ा प्रस्तुति दी। खेल विभाग के डीएम सिमरदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि सेक्रेड हार्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, होशियारपुर में खेले गए पहले मैच में श्री फतेहगढ़ साहिब ने कपूरथला को 4 विकेट से हराया। वहीं, ट्राइडेंट ग्रुप बरनाला में खेले गए मैच में श्री फतेहगढ़ साहिब ने शहीद भगत सिंह नगर को 59 रनों से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस अवसर पर, हलका प्रभारी बरनाला हरिंदर सिंह धालीवाल, चेयरमैन शुगरफेड नवदीप सिंह जिदा, चेयरमैन स्पोर्ट्स वेलफेयर बोर्ड बरनाला अरविंद तेजपाल, सेक्रेड हार्ट ग्रुप धनाउला के चेयरमैन सतवंत सिंह दानी, प्रिंसिपल आयशा, डीन नीरज शर्मा, प्रिंसिपल निधा अल्ताफ, हेड मास्टर प्रदीप कुमार, हेड मास्टर सुखदेव सिंह, हेड मास्टर जसविंदर सिंह के साथ-साथ विभिन्न जिलों के टीम प्रभारी, कोच और खिलाड़ी उपस्थित थे।



सांसद गुरमीत सिंह ने धनाउला के सेक्रेड हार्ट ग्रुप में 70वें पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल क्रिकेट अंडर 14 (लड़कों) के उद्घाटन के अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की।

गुरुग्राम हिट-एंड-रन की शिकार युवती बोली- 'जब तक कानून का डर नहीं होगा, ऐसी घटनाएं होती रहेंगी'

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर हिट-एंड-रन की शिकार युवती ने मंगलवार को सड़कों पर लोगों को परेशान करने और उनकी जान जोखिम में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। युवती ने कहा कि जब तक कानून का कड़ा डर नहीं होगा, ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। सिया ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिस को पूरी घटना के बारे में बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार में सवार लोग उन्हें परेशान करने की कोशिश कर रहे थे और उनकी जान लेने की कोशिश भी की गई। उन्होंने कहा, ÷जैसा कि मैंने वीडियो में दिखाया है, वह मेरी तरफ गाड़ी चला रहा था। मैंने पुलिस को सब कुछ बताया कि कैसे वे मुझे परेशान करने और छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे थे और कैसे मेरी जान लेने की कोशिश की गई। उन्होंने आईएएनएस को बताया, ÷मैंने उन्हें मुझसे दूर गाड़ी चलाने का इशारा भी किया था। मुझे डर था कि वे मुझे टक्कर मार देंगे, इसलिए मैं अपनी बाइक थोड़ी दूर ले गई। वे लगातार मेरा पीछा कर रहे थे। जब भी मेरी बाइक धीमी होती, वे जानबूझकर पीछे से आकर मुझे टक्कर मारते थे। सिया ने बताया कि कार में चार लोग सवार थे और उन्होंने पुलिस को सारी जरूरी जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा, ÷जाहिर है, उनके खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज होना चाहिए। मैंने सब कुछ बताया और अपना बयान दिया। मैं चाहती हूं कि इसमें शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

उन्होंने कहा, ÷जब तक हम सख्त कार्रवाई नहीं करते, तब तक ऐसे बहुत से लोग सड़कों पर बेखौफ घूमते रहेंगे, लोगों और महिलाओं को टक्कर मारकर भाग जाएंगे या उन्हें सड़कों पर परेशान करेंगे। जब तक हम कानून का डर पैदा नहीं करते, ऐसी घटनाएं होती रहेंगी।÷ उन्होंने कहा, महिला बाइकर्स को सड़कों पर ऐसी चीजों का सामना करना पड़ता है। यह उत्पीड़न और पीछा किए जाने का पहला मामला नहीं है। मैं अकेली महिला नहीं हूं जिसे ऐसी चीजों का सामना करना पड़ा हो।÷ उन्होंने कहा, जब आप महिला बाइकर्स से पूछेंगे, तो वे बताएंगी कि उन्हें ऐसी चीजों का सामना करना पड़ता है। लोग उनका पीछा करते हैं। इसलिए, यह एक महिला बाइकर से जुड़ी एक अहम घटना है। अगर हम कार्रवाई नहीं करते हैं, तो भविष्य में और कितने लोगों को ऐसी घटनाओं का सामना करना पड़ेगा। इस घटना में घायल हुई सिया ने बताया कि उनके हेलमेट और दूसरे सुरक्षा उपकरणों ने उन्हें गंभीर चोटों से बचाने में मदद की। उन्होंने कहा, ÷मेरे पास हेलमेट और कुछ अन्य चीजें थीं जिन्होंने मुझे एक बड़े हादसे से बचा लिया लेकिन मेरे घुटनों और हाथों में कई चोटें आईं।÷ उन्होंने घटना के बाद मदद करने वाली महिला बाइकर्स का शुक्रिया अदा किया और ऐसी घटनाओं की शिकार अन्य महिलाओं से आगे आकर इसकी रिपोर्ट करने की अपील की।

उन्होंने कहा, ÷यह ऐसी अकेली घटना नहीं है। मैंने पहले भी ऐसी कई घटनाएं देखी हैं। अगर किसी के साथ ऐसी स्थिति या घटना होती है, तो उन्हें आगे आना चाहिए। इस बीच, गुरुग्राम पुलिस ने मंगलवार को राजस्थान के दौसा से आरोपी ड्राइवर कल्याण बैंसला को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एक अन्य आरोपी लवनीश गुर्जर को भी गिरफ्तार किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर, पुलिस ने आरोपी ड्राइवर पर हत्या की कोशिश का आरोप भी लगाया। इस अपराध के लिए 10 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है।

दिल्ली की अदालत ने इन्फ्लुएंसर स्वतंत्र भारद्वाज को तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दी

नई दिल्ली । पटियाला हाउस कोर्ट ने मंगलवार को खुद को 'इन्फ्लुएंसर' बताने वाले स्वतंत्र भारद्वाज को तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी। भारद्वाज जंतर-मंतर पर एक विरोध प्रदर्शन के दौरान एक नाबालिग एक्टिविस्ट के पिता के साथ कथित मारपीट के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। पटियाला हाउस कोर्ट के एडिशनल सेशन जज सौरभ प्रताप सिंह लालर ने भारद्वाज को अंतरिम राहत देने का आदेश दिया। यह घटनाक्रम कोर्ट द्वारा भारद्वाज की रेगुलर जमानत अर्जी पर आदेश सुरक्षित रखने के एक दिन बाद हुआ है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा था कि क्या कथित घटना के समय भारद्वाज ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था। अभियोजन पक्ष ने कहा था कि शुरुआती शिकायत में ऐसी किसी भाषा के इस्तेमाल का जिक्र नहीं था और यह आरोप बाद में लगाया गया जब शिकायतकर्ता का बयान दोबारा दर्ज किया गया, जिसके बाद एफआईआर में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं जोड़ी गईं।

भारत में फॉर्मूला वन की वापसी की तैयारी, सरकार ने टास्क फोर्स का किया गठन

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । भारत में फॉर्मूला वन और मोटर स्पोर्ट्स को फिर से जीवित करने और उसके विकास के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य भारत में मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का व्यापक मूल्यांकन करना है। साथ ही, टैक्स से जुड़े मुद्दों सहित उन सभी चुनौतियों की समीक्षा करना है, जो भारत में मोटर स्पोर्ट्स के रिवाइवल और विकास को प्रभावित कर रही हैं। टास्क फोर्स के लिए काम के दायरे यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस भी तय किए गए हैं। पहला, भारत में मोटरस्पोर्ट्स के सतत विकास के लिए नीतिगत हस्तक्षेपों की पहचान करना और एक समग्र और समन्वित रोडमैप तैयार करना है।

दूसरा, भारत के मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का विस्तृत मूल्यांकन करना और मोटरस्पोर्ट इवेंट्स के रिवाइवल और विकास से जुड़ी चुनौतियों की समीक्षा करना, जिसमें टैक्सेशन भी शामिल है। तीसरा, भारत में बड़े मोटरस्पोर्ट इवेंट्स आयोजित करने से होने वाले अंतरराष्ट्रीय, आर्थिक, पर्यटन और निवेश से जुड़े फायदों का आकलन करना और सतत विकास के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं, बुनियादी ढांचे की जरूरतों और परिचालन आवश्यकताओं की पहचान करना है। चौथा, मोटरस्पोर्ट्स के लिए एक व्यापक नीति ढांचे पर सिफारिशें देना, जिसमें पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप यानी पीपीपी मॉडल की संभावनाएं भी शामिल हों। साथ ही, पांचवां, 2028 में फॉर्मूला वन ग्रांड प्रिक्स भारत में आयोजित करने की व्यवहार्यता का आकलन करना है।

सरकार के इस फैसले से उम्मीद जताई जा रही है कि भारत में एक बार फिर फॉर्मूला वन की गाड़ियों की गर्जना सुनाई दे सकती है। 2028 में भारत में एफ1 ग्रांड प्रिक्स के आयोजन की संभावना पर टास्क फोर्स रिपोर्ट देगी। अगर यह योजना सफल होती है तो इससे न सिर्फ मोटरस्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलेगा बल्कि देश में पर्यटन, निवेश और अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी बड़ा फायदा होगा।

श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा कुराली द्वारा 17 सितंबर को निःशुल्क आंखों की जांच एवं ऑपरेशन कैंप

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) – श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा कुराली की ओर से 17 सितंबर 2026, दिन वीरवार को श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर श्री विश्वकर्मा भवन, रोपड़ रोड, कुराली में निःशुल्क आंखों की जांच एवं ऑपरेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है। कैंप से पहले सुबह 8:30 बजे हवन यज्ञ करवाया जाएगा। इसके उपरांत सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। पत्रकारों के साथ जानकारी साझा करते हुए श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा रजि. कुराली के प्रधान लखवीर सिंह लक्की एवं मुख्य सदस्यों ने बताया कि डॉ. दविंदर सिंह विर्दी (विर्दी आई अस्पताल), सेक्टर-34, चंडीगढ़ की अगुवाई में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमें कैंप में पहुंचेंगी। डॉक्टरों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच निःशुल्क की जाएगी तथा जरूरतमंद मरीजों का उपचार और ऑपरेशन भी निःशुल्क किया जाएगा। इस दौरान डॉक्टरों की टीम द्वारा शुगर, बीपी और ईसीजी के टेस्ट भी निःशुल्क किए जाएंगे। सभा के प्रधान एवं मुख्य सदस्यों ने क्षेत्रवासियों और शहरवासियों से अपील की कि वे समय पर पहुंचकर इस निःशुल्क कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

सुप्रीम कोर्ट ने एनएसई की पूर्व सीईओ की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से किया इनकार

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व एमडी और सीईओ चित्रा रामकृष्ण की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया है। चित्रा रामकृष्ण ने सीबीआई की कार्रवाई को चुनौती देते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत खुद को पब्लिक सर्वेंट माने जाने पर सवाल उठाया था। उनका तर्क था कि एनएसई निजी संस्था है और वह किसी सरकारी या नियामक व्यवस्था के कारण पद पर नहीं थीं। सुनवाई के चित्रा रामकृष्ण के वकील बलबीर सिंह ने कहा कि उनके खिलाफ आईपीसी की कार्यवाही पर उन्हें आपत्ति नहीं है लेकिन पीसी एक्ट लागू नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने पूछा कि क्या उन्होंने डिस्चार्ज एप्लीकेशन दाखिल की है। कोर्ट ने कहा कि अगर ट्रायल कोर्ट यह पाता है कि आरोपी पब्लिक सर्वेंट नहीं हैं, तो इससे स्पेशल कोर्ट का अधिकार क्षेत्र खत्म नहीं हो जाता।

हांसी रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेनों का ठहराव शुरू, मंत्री रणबीर गंगवा ने दिखाई हरी झंडी

डेली आवाज भारती



हांसी । हरियाणा में हांसी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बड़ी सौगात मिली है। फिरोजपुर से अगरतला जाने वाली ट्रेन और बीकानेर से हरिद्वार जाने वाली ट्रेन का हांसी रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू हो गया है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने रेलवे अधिकारियों और हांसी विधायक विनोद भयाना की मौजूदगी में दोनों ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर ठहराव की शुरुआत की। लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल रहा। हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि दोनों ट्रेनों के ठहराव से हांसी शहर और आसपास के गांवों के यात्रियों को काफी लाभ मिलेगा। इससे लोगों को विभिन्न शहरों तक रेल के माध्यम से आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह मांग क्षेत्र के लोग लंबे समय से उठा रहे थे, जिसे विधायक विनोद भयाना के प्रयासों से पूरा किया गया है। अभय सिंह चौटाला के खाप को लेकर दिए गए बयान पर रणबीर गंगवा ने कहा कि बयान का जवाब वही दे सकते हैं लेकिन सार्वजनिक जीवन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सोच-समझकर बयान देना चाहिए, ताकि उसका संदेश गलत न जाए। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि छात्र संगठन चुनाव में भाग लेते हैं और भाजपा समर्थित एबीवीपी भी चुनाव लड़ती है। आदित्य चौटाला के भाजपा के रंग बदलने संबंधी तंज पर पलटवार करते हुए गंगवा ने कहा कि कुछ समय पहले तक आदित्य चौटाला भाजपा में थे और अब इनेलो में चले गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता सब देखेगी। विधायक विनोद भयाना ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र में चार ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी। रेल मंत्री ने मांग पूरी करने का भरोसा दिया था। अब दो ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी मिल गई है, जबकि दो अन्य ट्रेनों के ठहराव पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार और रेल मंत्री का आभार जताया। विनोद भयाना ने कहा कि हांसी रेलवे स्टेशन का करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से नवीनीकरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हांसी के जिला बनने के बाद क्षेत्र में विकास को और गति मिलेगी। इस दौरान रणबीर गंगवा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न जनसेवा और सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में रेलवे, एयरपोर्ट और सड़क समेत कई क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

CMYK

page 3_Layout 1 15-09-2026 17:08 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ बुधवार , 16 सितंबर 2026

'युद्ध नशों के विरुद्ध' के 551 दिन

नशा मुक्त पंजाब के लिए लोग सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े: दलवीर सिंह ढिल्लों

- नशों की सप्लाई चेन तोड़ने के साथ युवाओं को खेल, शिक्षा और रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार के लगातार प्रयास जारी: राजवंत सिंह घुल्ली

डेली आवाज भारती



धूरी। 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के 551 दिन पूरे होने के संबंध में धूरी में एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों, मार्केट कमेटी धूरी के चेयरमैन राजवंत सिंह घुल्ली, हलका वाइस कोऑर्डिनेटर हरप्रीत सिंह गिल, सरपंच दविंदर सिंह धूरा, गगन ज्वंधा और जगतार सिंह बागड़ी सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा नशों के खिलाफ शुरू किए गए अभियान को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त पंजाब के निर्माण के लिए सरकार, पुलिस, प्रशासन और समाज का सामूहिक सहयोग जरूरी है तथा लोगों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान एक मजबूत जन-आंदोलन का रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि 'युद्ध नशों के विरुद्ध' के तहत नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ युवाओं को नशों से दूर रखने के लिए उन्हें खेल, शिक्षा और रोजगार के अवसरों से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राजवंत सिंह घुल्ली ने कहा कि नशों की सप्लाई चेन तोड़ने के साथ युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की मुख्य जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा युवाओं को सही दिशा देने के प्रभावी माध्यम हैं। सेमिनार के दौरान उपस्थित लोगों को नशों के दुष्प्रभावों, नशा तस्करी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने लोगों से अपील की कि नशों की बिक्री या तस्करी संबंधी कोई भी जानकारी पुलिस और प्रशासन के साथ साझा की जाए।

घराचों में रग्बी अंडर-14 राज्य स्तरीय मुकाबलों का शानदार आगाज

डेली आवाज भारती



भवानीगढ़, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल घराचों में 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलों 2026-27 के तहत रग्बी अंडर-14 लड़के एवं लड़कियों के राज्य स्तरीय मुकाबले पूरे उत्साह के साथ शुरू हुए। ये खेल जिला शिक्षा अधिकारी (से.शि.) श्रीमती तरविंदर कौर और उप जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मनजीत कौर के योग्य नेतृत्व में करवाए जा रहे हैं। इन मुकाबलों का औपचारिक उद्घाटन गांव घराचों के सरपंच सरदार दलजीत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समिति सदस्य सरदार रजिंदर सिंह राजी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए सरपंच दलजीत सिंह ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आपसी सहयोग और स्वस्थ जीवनशैली की भावना पैदा करते हैं। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी को खेल भावना और पूरी ईमानदारी के साथ मैदान में उतरना चाहिए। टूर्नामेंट के कन्वीनर सरदार नवकिरणप्रीत सिंह खटड़ा (लेक्चरार) और जिला स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्रीमती नरेश सैनी ने बताया कि पहले दिन लड़कियों के वर्ग में विभिन्न जिलों की 12 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले दिन के परिणामों के अनुसार संगरूर ने बठिंडा को 3-0 से हराया। बरनाला ने एकतरफा मुकाबले में फरीदकोट को 30-0 के बड़े अंतर से मात दी। श्री मुक्तसर साहिब ने फतेहगढ़ साहिब को 20-0 से हराया। वहीं अमृतसर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लुधियाना को 15-5 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए स्टेट ऑब्जर्वर एवं सिलेक्टर के रूप में सरदार बलकार सिंह पी.टी.आई., सरदार सतपाल सिंह डी.पी.ई., सरदार बेअंत सिंह डी.पी.ई. और सरदार कमलजीत सिंह पी.टी.आई. उपस्थित रहे। इस अवसर पर खेलों के ओवरऑल इंचार्ज प्रिंसिपल श्री दीपक कुमार (स.स.स.स. घराचों), प्रिंसिपल श्रीमती करमजीत कौर, प्रिंसिपल श्रीमती जसप्रीत कौर, प्रिंसिपल श्री गुरमीत सिंह, हेडमास्टर सुखदीप सिंह, हेडमास्टर श्री सपरण सिंगला, जसतिंदर सिंह डी.पी.ई. और जसवीर सिंह (लेक्चरार शारीरिक शिक्षा) विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन की जिम्मेदारी सरदार संदीप सिंह और अमरजोत जोशी ने बखूबी निभाई।

सांझी दीवार के विवाद को लेकर व्यक्ति को मारपीट कर जख्मी किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन सांझी दीवार के विवाद को लेकर घर में दाखिल होकर व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी करने वाले पति-पत्नी के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता बलजीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह वासी बस्ती गोबिंदगढ़ (दाखली मोहनके हिठाड़) ने बताया कि वह अपने घर में दोषीयों के साथ सांझी दीवार में शौचालय बना रहा था तो उसका दोषियों के साथ विवाद हो गया था। जिसके बाद उसने शौचालय बनाना बंद कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उक्त विवाद को लेकर बीते दिन दोषी सुनील कुमार पुत्र कलुआ राम व लक्ष्मी पत्नी सुनील कुमार वासी बस्ती गोबिंद ने उसके घर में दाखिल होकर उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोषी पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना समय की मांग : मान सिंह किली



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): रेलवे कॉलोनी फिरोजपुर में स्थित ग्राउंड में फुटबॉल का अभ्यास कर रहे बच्चों को मिसल सतलुज की ओर से बीते दिन टी-शर्टें बांटी गई और उन्हें खेलों के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मिसल सतलुज के जनरल सेक्रेटरी मान सिंह किली ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि इन बच्चों को ना तो कोई सरकारी कोचिंग दी जा रही है और ना ही कोई विशेष खेल सुविधा मिल रही है, फिर भी बच्चे अपने दम पर लगातार मेहनत कर रहे हैं। इनमें से चार बच्चों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए जाना फिरोजपुर के लिए गर्व की बात है। इस दौरान दविंदर सिंह सेखों सेक्रेटरी जनरल मिसल सतलुज ने कोच गुरसाब सिंह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे निस्वार्थ सेवा करने वाले युवा हमारी पूंजी हैं और सरकार को अधिक से अधिक खेल के मैदानों का प्रबंध करना चाहिए, ताकि बच्चों को खेलों से जोड़ा जा सके। खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती ही नहीं, बल्कि बच्चों को मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं। आज के समय में बच्चों का ग्राउंडों की ओर आना और खेलों से जुड़ना बहुत जरूरी है। मिसल सतलुज ने बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इन होनहार बच्चों को सरकार और समाज की ओर से हर संभव सहयोग मिलना चाहिए। इस अवसर पर किरनदीप सिंह दीप पल्ला, गुरलाल सिंह पत्रकार, कर्मपाल सिंह बैरक, रणजीत सिंह लाडी बब्बर, जसप्रीत सिंह मिंटा, गुरप्रेम सिंह, एडवोकेट कुलविंदर कौर, संदीप महाजन, सुखविंदर जेठी आदि उपस्थित थे।

रंजिशन घर में दाखिल होकर महिला को मारपीट कर किया जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर की पुलिस ने बीते दिन गांव तलवंडी जल्लेखां में रंजिशन घर में दाखिल होकर महिला को मारपीट करके जख्मी करने वाले दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई अनवर मसीह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता मनदीप कौर पत्नी राम सिंह वासी गांव तलवंडी जल्लेखां ने बताया कि बीते दिन जब वह घर में मौजूद थी तो पुराने विवाद की रंजिश को लेकर दोषी गुरप्रीत सिंह उर्फ जस्स व अवतार सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह ने उसके घर में दाखिल होकर उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया था। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे अनवर मसीह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में गुरप्रीत व अवतार पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

नशा मुक्त भारत अभियान को मिलेगी नई ताकत



बटाला। देश में नशे के बढ़ते रुझान पर अंकुश लगाने और लोगों को नशे के घातक प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिव्य ज्योति जागृति संस्थान (DJJS) के 'बोध-नशा उन्मूलन कार्यक्रम' ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी 'नशा मुक्त भारत अभियान' (NMBA) के तहत दो वर्ष के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) किया है। इस समझौते को नशा मुक्ति के क्षेत्र में सरकारी एवं सामाजिक संस्थाओं की संयुक्त भूमिका को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इसके तहत युवाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली के लिए प्रेरित किया जाएगा। समझौते पर हस्ताक्षर के अवसर पर दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से स्वामी शिवांशा भारती, ग्लोबल कोऑर्डिनेटर, बोध-नशा उन्मूलन कार्यक्रम, गौरव गुप्ता और गौरव कुमार उपस्थित रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से सचिव सुश्री पंत (आईएएस), निदेशक आरितक कुमार पांडेय (आईपीएस) तथा संयुक्त सचिव डॉ. संदीप आर. राठौड़ की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। 'बोध' कार्यक्रम के माध्यम से नशे की रोकथाम, जागरूकता और नशा छोड़ने के लिए आवश्यक सहयोग को व्यापक स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। विशेष रूप से युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखते हुए उन्हें स्वस्थ सोच, अच्छे जीवन मूल्यों और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। नशा किसी एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। इसलिए नशे के खिलाफ सरकारी तंत्र के साथ सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह संयुक्त पहल नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को और मजबूती देने तथा समाज में स्वस्थ एवं सकारात्मक वातावरण तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

डेयरी विकास विभाग द्वारा दूध उपभोक्ता जागरूकता कैंप लगाया गया

डेली आवाज भारती



बटाला/कादियां, (अमनदीप संधू): पशु पालन, मछली पालन एवं डेयरी विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां के दिशा-निर्देशों तथा डायरेक्टर डेयरी विकास विभाग श्री वरियाम सिंह और डिप्टी डायरेक्टर डेयरी, गुरदासपुर श्री गुरचरण सिंह के योग्य नेतृत्व में जिला गुरदासपुर के कादियां में दूध उपभोक्ता जागरूकता कैंप लगाया गया। वार्ड नंबर 8, कादियां में लगाए गए इस कैंप का मुख्य उद्देश्य घरों में इस्तेमाल किए जाने वाले दूध की गुणवत्ता संबंधी उपभोक्ताओं को जागरूक करना और उन्हें मानक गुणवत्ता वाला दूध इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विभाग द्वारा लोगों के लिए मुफ्त दूध जांच कैंप भी लगाया गया, जिसके दौरान कुल 22 दूध के सैंपल लिए गए। दूध के सैंपलों की जांच के दौरान 14 सैंपलों में पानी की मात्रा अधिक पाई गई, जबकि 8 सैंपल निर्धारित मानकों के अनुसार पाए गए। जांच किए गए किसी भी सैंपल में कोई हानिकारक पदार्थ नहीं पाया गया। सभी सैंपलों की जांच डेयरी इंस्पेक्टर श्री बरजिंदर सिंह और डेयरी इंस्पेक्टर मिस अनु द्वारा की गई। इस अवसर पर विभागीय टीम द्वारा कॉलोनी निवासियों को दूध की गुणवत्ता के प्रति जागरूक रहने और अच्छी गुणवत्ता वाला दूध ही इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि ऐसे जागरूकता कैंपों का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ एवं मानक गुणवत्ता वाले दूध के इस्तेमाल संबंधी जानकारी देना है।

विवाह पर्व समारोह की तैयारियों को दी गई अंतिम रूपरेखा

नगर कीर्तन के रूट सहित शहरवासियों एवं संगत की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंध

- शहरवासियों एवं लंगर लगाने वाले श्रद्धालुओं से लंगर स्थल को साफ-सुथरा रखने की अपील

डेली आवाज भारती





बटाला, (अमनदीप संधू): जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी और माता सुलखनी जी के विवाह पर्व के संबंध में तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। संबंधित विभागों द्वारा नगर कीर्तन के रूट सहित शहर में आने वाली संगत की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इस अवसर पर नगर निगम बटाला के मेयर भूपिंदर सिंह बाजवा और अमृत कलसी ने कहा कि पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक शैरी कलसी के नेतृत्व में विवाह पर्व समारोह की तैयारियां सुचारू ढंग से पूरी की गई हैं। उन्होंने कहा कि विवाह पर्व समारोह में बटाला में देश-विदेश से बड़ी संख्या में संगत पहुंचती है। संगत की सुविधा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विवाह पर्व समारोह पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। नगर कीर्तन के रूट सहित पूरे बटाला शहर को शानदार ढंग से सजाया गया है। शहर में सड़कों के किनारे पेड़ों की शाखाओं की छंटाई की गई है। साफ-सफाई और सीवरेज की सफाई के लिए गठित टीमें लगातार काम कर रही हैं। इसके अलावा पावरकॉम, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी संबंधित कार्य पूरे किए गए हैं। उन्होंने शहरवासियों और लंगर लगाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे जिस स्थान पर लंगर लगा रहे हैं, उस स्थान को साफ-सुथरा रखें। कचरा डस्टबिन में ही डालें और उसे समय पर एकत्रित करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि पवित्र नगरी बटाला को साफ-सुथरा बनाए रखें।

जोबन रंधावा ने 'खेडां वतन पंजाब दियां' -4 के तहत खेल टूर्नामेंट में की शिरकत, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला





डेली आवाज भारती

काला अफगाना/बटाला, (अमनदीप संधू): फतेहगढ़ चूड़ियां विधानसभा क्षेत्र के इंचार्ज एवं जिला प्लानिंग कमेटी गुरदासपुर के चेयरमैन जोबन रंधावा ने गांव काला अफगाना में आयोजित की जा रही 'खेडां वतन पंजाब दियां'-4 में शिरकत की और खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर बातचीत करते हुए जोबन रंधावा ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा 'खेडां वतन पंजाब दियां' सीजन-4 का आयोजन किया जा रहा है। इन खेलों में खिलाड़ियों के साथ-साथ कोई भी इच्छुक व्यक्ति हिस्सा ले सकता है। क्यूआर कोड और पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस चौथे सीजन में 14 वर्ष से लेकर 70 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 10 लाख खिलाड़ी 39 खेल मुकाबलों और चार पैरा-खेलों में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि ये खेल पीढ़ियों को जोड़ने के साथ-साथ प्रदेश भर के गांवों और शहरों की खेल प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि इन खेलों का समापन 29 नवंबर को पटियाला में होगा। विजेताओं के लिए कुल 12.50 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार रखे गए हैं, जिसमें पहली बार वेटरन खिलाड़ियों के लिए भी नकद पुरस्कार शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 39 खेलों के मुकाबले करवाए जाएंगे। इनमें एथलेटिक्स, पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन और व्हीलचेयर बास्केटबॉल सहित चार पैरा-खेल भी शामिल हैं।

फायर एवं इमरजेंसी सर्विस द्वारा सुरक्षा निरीक्षण के बाद फायर फाइटरों की तैनाती शुरू

डेली आवाज भारती

लापरवाही के कारण कोई हादसा होने पर फायर ब्रिगेड बटाला के मोबाइल नंबर 91157-96801, 01871-240101 या 112 पर सही एवं पूरी जानकारी दें



बटाला, (अमनदीप संधू): डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर एवं अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) गुरदासपुर-कमिश्नर नगर निगम बटाला के निर्देशों के अनुसार श्री गुरु नानक देव जी एवं माता सुलखनी जी के विवाह पर्व के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पंजाब फायर एवं इमरजेंसी सर्विस बटाला द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों का सुरक्षा निरीक्षण किया गया। इस टीम में स्टेशन इंचार्ज नीरज शर्मा, हरबख्श सिंह सिविल डिफेंस, जसबीर सिंह, जग रूप सिंह, परमिंदर सिंह तथा फायर फाइटरों के साथ गुरुद्वारा श्री कंध साहिब के मैनेजर जगदीप सिंह रंधावा एवं स्टाफ भी मौजूद रहा। इस अवसर पर स्टेशन इंचार्ज नीरज शर्मा ने बताया कि संगतों की भारी भीड़ वाली जगहों पर 24 घंटे फायर फाइटरों की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर फायर टेंडरों की तैनाती भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में गुरुद्वारा डेरा साहिब एवं गुरुद्वारा श्री कंध साहिब के लिए ठठियारी गेट, नेहरू गेट, भाई सुखा सिंह-महताब सिंह चौक सहित विभिन्न स्थानों पर फायर टेंडर तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा 17 एवं 18 सितंबर को नगर कीर्तन के साथ भी फायर टेंडर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, जालंधर, होशियारपुर, जंडियाला गुरु, पठानकोट एवं गुरदासपुर से भी फायर टेंडर मंगवाए गए हैं, जिन्हें शहर के विभिन्न स्थानों पर तैनात किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी लापरवाही के कारण कोई हादसा हो जाता है तो फायर ब्रिगेड बटाला के मोबाइल नंबर 91157-96801, 01871-240101 या 112 पर सही एवं पूरी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि शहर में किसी भी दुकान या गोदाम में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ अथवा विस्फोटक सामग्री स्टोर न की जाए, क्योंकि यह गैरकानूनी है। लंगर सोसायटियों से भी अपील की गई कि वे आग से बचाव संबंधी सावधानियों का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने लोगों से पटाखे एवं आतिशबाजी चलाने से परहेज करने तथा किसी भी प्रकार की फायर गेम न खेलने की अपील की। इस अवसर पर टीम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रास्तों को बिल्कुल साफ रखा जाए तथा फायर ब्रिगेड, पुलिस एवं एंबुलेंस को सड़क पर प्राथमिकता के आधार पर रास्ता दिया जाए।

page 4_Layout 1 15-09-2026 17:25 Page 1

जिला पुलिस ने 69.10 ग्राम हेरोइन, नशा करने वाले सामान के साथ 9 गिरफ्तार

गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत पुलिस ने दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 69.10 ग्राम हेरोइन, नशा करने वाला सामान और मोटरसाईकिल बरामद किया है।

उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना घल्लखुर्द, थाना तलवंडी भाई, थाना आरफके, थाना सदर फिरोजपुर, थाना ममदोट और थाना मल्लांवाला में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर फिरोजपुर के एस.आई विनोद कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर जसविन्द्र सिंह उर्फ जिंद्र पुत्र कृष्ण सिंह वासी गांव हबीब वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन, 1 सिल्वर पन्नी, 1 लाईटर और 10 रुपए का नोट, थाना सिटी फिरोजपुर की एएसआई कर्मदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान की नाकाबंदी के दौरान मोटरसाईकिल नंबर सीएच-01बीबी-9278 पर सवार दोषी बिल्ला पुत्र मौड़ा सिंह वासी वार्ड नंबर 6 मकान नंबर 88 नई अबादी गुरुहरसहाय को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 51.88 ग्राम हेरोइन, थाना ममदोट के एस.आई प्रवीण कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी ममदोट के नजदीक से नशा करते हुए सुरजीत सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गांव सेठां वाला व कुलविन्द्र सिंह पुत्र शेर सिंह वासी गांव लक्खा सिंह वाला उताड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 लाईटर, 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी और 10 रुपए का नोट, थाना घल्लखुर्द के एएसआई विक्रजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सुखवीर सिंह उर्फ सुखी पुत्र जसविन्द्र सिंह वासी घल्लकुर्द व जसविन्द्र सिंह पुत्र बसंत सिंह वासी फिरोजशाह को गिरफअतार करके उसके कब्जे से 5.22 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सर्बजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर हेरोइन का नशा करते हुए अजय सिंह उर्फ अजय पुत्र राजू वासी मैंबर मघर वाली और निर्मल सिंह उर्फ निम्मा पुत्र सोहन लाल वासी वकीलां वाली गली को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, लाईटर व 1 रोल किया गत्ता और थाना मल्लांवाला के एस.आई बलविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान आसफ वाला के नजदीक दोषी बलवीर सिंह उर्फ मेजर सिंह वासी मुंडी जमाल फतेहगढ़ पंजतूर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों पर मामलें दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पुलिस ने सूचना पर छापेमारी करके रेता से भरी 4 ट्रैक्टर-ट्रालियां बरामद की

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर गांव किलचे दरिया क्षेत्र में छापेमारी करके वहां से रेता से भरी हुई 4 ट्रैक्टर-ट्रालियां बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी एवं माईनिंग की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई कुलवंत सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि गांव किलचे दरिया क्षेत्र से अज्ञात व्यक्ति चोरी से रेता ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर निकासी कर रहे है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके मौके से रेता से भरी हुई 4 ट्रेक्टर-ट्रालियां बरामद की है। मामले की जांच कर रहे कुलवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

लुधियाना स्टेशन पर 'रेल वन ऐप' के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष जागरूकता अभियान

डेली आवाज भारती



रेलवे अधिकारी व कर्मचारी लोगों को रेल वन ऐप संबंधी लोगों को जागरुक करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): रेलयात्रियों की सुविधा एवं डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को लुधियाना रेलवे स्टेशन पर 'रेल वन ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को 'रेल वन ऐप' के स्टीकर के माध्यम से आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट बुकिंग सहित विभिन्न रेल सेवाओं का लाभ उठाने के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान चिप्स एवं बिस्किट के पैकेटों पर 100 'रेल वन' स्टिकर तथा 50 यात्रा टिकटों पर 'रेल वन' स्टिकर लगाए गए। अभियान के दौरान 150 से अधिक यात्रियों को 'रेल वन ऐप' के उपयोग एवं इसकी सुविधाओं के बारे में जानकारी देकर डिजिटल टिकटिंग को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही मौके पर उनके मोबाइल फोन में 'रेल वन ऐप' इंस्टॉल कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल का लक्ष्य है कि डिजिटल सेवाओं के माध्यम से यात्रियों को सरल एवं सुगम सेवाएं प्रदान की जाएं। रेलयात्रियों के लिए 'रेलवन' ऐप इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा हैं। इस सुविधा के तहत यात्रियों को कई लाभ प्राप्त होते हैं, जिनमें अनारक्षित टिकट पर 3 प्रतिशत की छूट, छुट्टे पैसे रखने की झंझट से मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा कतारों से निजात शामिल है।

सैंट राऊ दास गुरुकुल स्कूल में मनाया गया गणेश चतुर्थी का त्यौहार

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): सैंट राऊ दास गुरुकुल स्कूल गोलूका में गणेश चतुर्थी का त्यौहार बड़ी श्रद्धा, खुशी और उत्साह के साथ मनाया गया। यह त्यौहार स्कूल के प्रिंसिपल और मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रसन्नता रानी के नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापकों और विद्यार्थियों ने मिलकर भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर स्कूल के माहौल को सुंदर ढंग से सजाया गया और विद्यार्थियों ने गणेश जी से संबंधित भजन, कविताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल ने अपने भाषण में विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगवान गणेश जी को ज्ञान, बुद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। विद्यार्थियों ने



सैंट राऊ दास गुरुकुल स्कूल में प्रबंधक गणेश चतुर्थी पर पूजा-अर्चना करते हुए।

बड़े उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया। अंत में सबने मिलकर खुशहाली, शांति और सफलता की कामना की। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक और यादगार रहा।

गांव सोढी वाला में रंजिशन तीन लोगों ने व्यक्ति को मारपीट कर जख्मी किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर की पुलिस ने बीते दिन गांव सोढी वाला में रंजिशन एक व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता जगतार सिंह पुत्र बहाल सिंह वासी गांव सोढी वाला ने बताया कि दोषी गांव की पंचायती जमीन पर कब्जा करते थे, जिसके संबंध में उसने बीडीपीओ जीरा को शिकायत की थी और उक्त रंजिश को लेकर बीते दिन दोषी गुरचरण सिंह पुत्र गुरदास सिंह, गुरविन्द्र सिंह पुत्र गुरचरन सिंह व जगदीप सिंह पुत्र जगसीर सिंह वासी सोढी वाला ने उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

17 सितंबर को फिरोजपुर में फुट एंड एंकल विशेषज्ञ की विशेष ओपीडी होगी

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): अमनदीप अस्पताल द्वारा उजाला सिग्नस के सहयोग से 17 सितंबर 2026 को मोगा रोड फिरोजपुर में पैर और टखनों से संबंधित समस्याओं के लिए विशेष ओपीडी लगाई जाएगी। इस दौरान फुट एंड एंकल सर्जरी के सीनियर सलाहकार और विभाग प्रमुख डा.राजीव वोहरा मरीजों की जांच कर उन्हें इलाज संबंधी सलाह देंगे। इस ओपीडी में खेल के दौरान लगने वाली चोटें, लिगामेंट की समस्याएं, टखने का गठिया, फ्लैट फुट, शुगर के कारण पैरों की तकलीफें (डायबिटिक फुट), एड़ी का दर्द, पैर के अंगूठे की हड्डी बढ़ने की समस्या और चोट-फेट से जुड़ी अन्य बीमारियों के बारे में विशेषज्ञ सलाह प्राप्त की जा सकेगी। अस्पताल प्रबंधकों के अनुसार लंबे समय से पैरों के दर्द, चलने-फिरने में मुश्किल, पैरों की बनावट में बदलाव या टखनों की समस्या से पीड़ित मरीज इस ओपीडी का लाभ ले सकेंगे। मरीजों को बीमारी की सही पहचान, दूसरी मेडिकल राय (सेकंड ओपिनियन) और अगले इलाज संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। अमनदीप अस्पताल इन पार्टनरशिप विद उजाला सिग्नस की डायरेक्टर डा.अमनदीप कौर ने कहा कि पैरों और टखनों से जुड़ी समस्याओं को अक्सर लोग शुरुआती चरण में नजरअंदाज कर देते हैं। समय पर जांच और सही इलाज से कई समस्याओं को गंभीर होने से रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से फिरोजपुर में यह विशेष ओपीडी लगाई जा रही है।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 5.10 ग्राम हैरोइन के साथ 2 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 5.10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव महीयां वाला कलां के नजदीक से प्रदीप सिंह उर्फ नती पुत्र गजन सिंह वासी गांव हरदासा को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि एक अन्य मामलें में थाना मक्खू के एएसआई दीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गुरबेअंत सिंह उर्फ बेअंत पुत्र गुलाब सिंह वासी भूतीयाला मक्खू को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 3.10 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

गांव रुकना बोदला निवासी व्यक्ति से अज्ञात व्यक्ति ने आन लाईन 1 लाख रुपए ठगे

- पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर अज्ञात पर दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना साईब्र क्राईम फिरोजपुर की पुलिस ने गांव रुकना बोदला निवासी व्यक्ति को अपनी बातों में फंसाकर उससे 1 लाख रुपए की ठगी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना साईब्र क्राईम की इंस्पैक्टर सुखबीर कौर ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सुखदेव सिंह पुत्र प्रेम सिंह वासी गांव रुकना बोदला ने बताया कि उसे बीते दिन किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और जिसने उसे खुद को अपना रिश्तेदार बनाया और वह भी उसे अपने साले का बेटा समझकर बात करने लगा। पीड़ित ने बताया कि उक्त व्यक्ति ने उसे कहा कि वह उसे साढे पांच लाख रुपए भेज रहा है और उसमें से वह कुछ पैसे उसके पंजाब के दोस्त को भेज दे। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद दोषी ने उसके वट्सअप पर पैसे भेजने की रसीद भेजी, जिस पर उसने विश्वास कर लिया और उसने उसके बाद दोषी के कहने पर 50 हजार, 40 हजार, 3 हजार, 1 हजार कुल 1 लाख रुपए की राशि दोषी की तरफ से बताए गए खाते में ट्रांस्फर कर दी। लेकिन जब उसने अपना खाता चैक किया तो उसमें कोई राशि नहीं आई थी और उससे पता चला की उसके साथ 1 लाख रुपए की ठगी हुई है। मामले की जांच कर रहे सुखबीर कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सुखदेव सिंह के बयान पर अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

NDRF ने सरकारी हाई स्कूल भल्ला पिंड के विद्यार्थियों को दिया आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार एवं बचाव तकनीकों का प्रशिक्षण

डेली आवाज भारती



अजनाला/अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) 7वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF), बठिंडा की टीम द्वारा सरकारी हाई स्कूल भल्ला पिंड में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक राम प्रकाश ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार एवं बचाव तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। NDRF टीम ने रक्तस्राव रोकने, पट्टी बांधने, हड्डी को स्थिर करने, हृदय गति रुकने की स्थिति में जीवन रक्षक सहायता देने तथा घायलों को सुरक्षित ढंग से स्थानांतरित करने की तकनीकों के बारे में जानकारी दी। घरेलू सामग्री से अस्थायी स्ट्रेचर एवं तैरने वाले सहायक उपकरण तैयार करने का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। इसके अलावा आग से बचाव के उपाय, अग्निशामक यंत्र के प्रयोग तथा भूकंप के दौरान नीचे बैठें, ढकें और पकड़कर रखें तकनीक का अभ्यास करवाया गया। विद्यार्थियों को लू, आकाशीय बिजली, बिजली के झटके, आंधी-तूफान और सर्पदंश जैसी आपात परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया गया। स्कूल की प्राचार्या ने NDRF टीम द्वारा आयोजित इस जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आपदा के समय सुरक्षित और त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

त्यौहारों को देखते हुए स्पेशनल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा : संचालन अधिकारी

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):आगामी त्योहारों के मद्देनजर रेलयात्रियों की सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे ने अमृतसर-कोलकाता-अमृतसर और अमृतसर-बरौनी-अमृतसर के बीच त्यौहार स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इन त्यौहार स्पेशल ट्रेनों के संचालन संबंधी अधिकारियों ने बताया कि आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 04624 अमृतसर से कोलकाता के लिए दिनांक 07.10.2026 से 25.11.2026 (08 ट्रिप) के बीच प्रत्येक बुधवार को खुलगी। यह आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी 04624 अमृतसर से रात्रि 20.10 बजे प्रस्थान करके 42 घंटे 50 मिनट बाद दोपहर 15.00 बजे कोलकाता पहुँचेगी। आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 04623 कोलकाता से अमृतसर के लिए दिनांक 10.10.2026 से 28.11.2026 (08 ट्रिप) के बीच प्रत्येक शनिवार को खुलेगी। यह आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 04623 कोलकाता से सुबह 04.45 बजे प्रस्थान करके 40 घंटे 20 मिनट बाद रात्रि 21.05 बजे अमृतसर पहुँचेगी। इसके अलावा मार्ग में यह आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस ब्यास, जालंधर सिटी, फगवाड़ा, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, पनियहवा, बगहा, नरकटिया गंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुज्जफरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर और बर्द्धमान स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। इसमें वातानुकूलित 2 टियर (1 कोच), वातानुकूलित 3 टियर (2 कोच), स्लीपर (09 कोच) एवम् जनरल श्रेणी (6 कोच) के कोच लगे हुए है।

खेलें वतन पंजाब की: ब्लॉक स्तर की खेलों की शुरुआत

वॉलीबॉल में महंत अमर सिंह स्पोर्ट्स क्लब बीर कलां की टीम ने गांव चट्ठा ननहेड़ा की टीम को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया



डेली आवाज भारती

सुनाम। 'खेलें वतन पंजाब की' के सीजन-4 के तहत ब्लॉक सुनाम की ब्लॉक स्तरीय खेलों के दौरान आज प्रीतम सिंह पीतू, चेयरमैन इंप्रूवमेंट ट्रस्ट, विशेष रूप से पहुंचे और खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों से जुड़े रहने और देश-विदेश में अपने क्षेत्र तथा माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। नवदीप सिंह, जिला खेल अधिकारी, संगरूर ने बताया कि इन खेलों के दौरान फुटबॉल, खो-खो, वॉलीबॉल शूटिंग और वॉलीबॉल स्मैशिंग के टूर्नामेंट शहीद दलेल सिंह खेल स्टेडियम, छाहड़ में करवाए जा रहे हैं। वहीं, कबड्डी सर्कल स्टाइल, नेशनल स्टाइल और एथलेटिक्स के टूर्नामेंट शहीद ऊधम सिंह कॉलेज, सुनाम में करवाए जा रहे हैं। खेल विभाग, पंजाब द्वारा इस बार क्रिकेट खेल को भी इन खेलों में शामिल किया गया है, जिसके तहत क्रिकेट टूर्नामेंट भी करवाया जा रहा है। इन खेलों में खिलाड़ियों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया जा रहा है और विभिन्न खेलों में कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं। इन खेलों में हर आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। वॉलीबॉल शूटिंग अंडर-17 (लड़के) के हुए खेल मुकाबले के दौरान महंत अमर सिंह स्पोर्ट्स क्लब बीर कलां की टीम ने गांव चट्ठा ननहेड़ा की टीम को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स के आयु वर्ग अंडर-21 से 30 वर्ष में हरजोत सिंह ने सबसे लंबी छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि गोइंदीप सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया।

पराली प्रबंधन के लिए ब्लॉक स्तरीय किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित

डेली आवाज भारती



पराली प्रबंधक के लिए लगाए गए प्रशिक्षण शिविर में किसानों को जानकारी देते हुए अधिकारी।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): **अतिरिक्त** उपायुक्त विकास कृष्ण पाल राजपूत और मुख्य कृषि अधिकारी फिरोजपुर बलविन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में गुरुहरसहाय के गांव झंडू वाला में धान की पराली के प्रबंधन के संबंध में एक ब्लॉक स्तरीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) ने किसानों को पराली प्रबंधन में प्रशासन का सहयोग करने और धान की पराली जलाने पर प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के बारे में अवगत कराया। जबकि मुख्य कृषि अधिकारी फिरोजपुर द्वारा किसानों को धान की पराली जलाने के बुरे प्रभावों और ना जलाने के अच्छे प्रभावों के बारे में बताया गया। विभाग द्वारा किसानों की सुविधा के लिए सबसिडी पर आए पराली प्रबंधन के कृषि यंत्रों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर डा.शिशपाल गोदारा ब्लॉक कृषि अधिकारी गुरुहरसहाय द्वारा विशेष रूप से शिविर में पहुंचे और उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) और मुख्य कृषि अधिकारी का स्वागत किया गया और किसानों को पराली प्रबंधन में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में जरनैल सिंह (ए.एस.आई), मनजीत सिंह (ए.टी.एम), वरिंदरपाल सिंह (ए.टी.एम) द्वारा पराली प्रबंधन और विभाग में किसानों की सुविधा के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जबकि ओम प्रकाश ए.एस.आई द्वारा शिविर का कुशल प्रबंधन किया गया और शिविर में आने वाले किसानों का हार्दिक स्वागत किया गया। शिविर में गांव झंडू वाला के अलावा गांव शरींह वाला बराड़, चुग्घा, बाघू वाला, जंड वाला, छोटा जंड वाला, मोठां वाला आदि गांवों के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस शिविर में किसानों ने माननीय अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) और मौके पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के साथ अपनी समस्याओं के बारे में सवाल-जवाब किए और उनकी समस्याओं पर विचार-विमर्श भी किया। किसानों द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) और मुख्य कृषि अधिकारी, फिरोजपुर को अपनी समस्याओं के संबंध में मांग पत्र भी सौंपे गए।

गैर-शैक्षणिक ड्यूटी के संबंध में मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग को भेजे नोटिस

शिक्षकों की मांगों और मुद्दों का समाधान न होने पर गैर-शैक्षणिक कार्यों का बहिष्कार करने की घोषणा

डेली आवाज भारती



शिक्षक यूनियनों के पदाधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों को सरकार व शिक्षा विभाग के नाम पर नोटिस सौंपते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब की संघर्षशील शिक्षक यूनियनों द्वारा राज्यव्यापी आह्वान के अनुसार मंगलवार को फिरोजपुर जिले की सभी शिक्षक यूनियनों के नेताओं, जिनमें मलकीत सिंह हराज, परमिंदर सिंह पम्मा, जगसीर सिंह गिल, हरजीत सिंह सिद्धू, अमनदीप सिंह, गुरविंदर सिंह मठाडू, सर्बजीत सिंह भावड़ा, हरमिंदर सिंह आदि ने मुख्यमंत्री पंजाब और निर्देशक स्कूल शिक्षा पंजाब को डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर, जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी और जिला शिक्षा अधिकारी एलिमेंट्री के माध्यम से गैर-शैक्षणिक ड्यूटी (राशन कार्ड सत्यापन, हेल्थ कार्ड, पराली प्रबंधन आदि), प्राइमरी स्तर और सेकेंडरी स्तर की स्कूली खेल प्रतियोगिताओं के लिए आवश्यक फंड मिलने तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन ना करने, वतन पंजाब की खेल प्रतियोगिताओं में दबाव में पंजीकरण ना कराने, स्कूलों में सफाई सेवकों की व्यवस्था करने, एस.एम.सी की ट्रेनिंगों में पंजाब सरकार की गैर-शैक्षणिक योजनाओं का प्रचार ना करने, अनावश्यक डाक और गूगल फॉर्म बंद करने, एस.एन.ए स्पर्श की समस्याओं का उचित समाधान, शिक्षकों के वेतन आयोग के संपूर्ण लाभ जारी करने, डी.ए, पुरानी पेंशन, पुराने स्केल और भत्ते बहाल करने आदि को लेकर सात दिनों का नोटिस भेजा गया। अध्यापकों की तरफ से भेजे गए नोटिस के माध्यम से शिक्षक यूनियनों ने पंजाब सरकार को चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर पंजाब सरकार और शिक्षा विभाग इन मांगों पर कोई सकारात्मक रवैया नहीं अपनाया तो इन गैर-शैक्षणिक कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। शिक्षक नेताओं ने पंजाब सरकार से मांग की कि इस समय शिक्षकों को स्कूलों में पढ़ाने के काम के लिए स्कूलों में ही रहने दिया जाए, क्योंकि इस समय स्कूलों में सितंबर की परीक्षाएं चल रही हैं, खेल प्रतियोगिताएं चल रही हैं, शिक्षक वर्ग का एक बड़ा हिस्सा एस.आई.आर में ड्यूटी पर तैनात है। इस अवसर पर कृपाल सिंह, अरविंदर सिंह, हरविंदर सिंह कैलाश, स्वर्ण सिंह, कुलदीप सिंह, अनिल धवन, राजेंद्र कुमार, संदीप सहगल, राकेश कुमार उपस्थित थे।

CMYK

page 5_Layout 1 15-09-2026 21:06 Page 1

एमसीए ने अमृतसर के प्रमुख बाजारों में चलाया व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान

● लिबर्टी मार्केट, कोट बाबा दीप सिंह क्षेत्र और बसंत नगर में अवैध कब्जों पर कार्रवाई ● दोबारा अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी









डेली आवाज भारती

अमृतसर/के.एस. बेदी: यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने, सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करवाने तथा पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम अमृतसर (MCA) द्वारा आज शहर के कई प्रमुख व्यावसायिक एवं रिहायशी क्षेत्रों में व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर (CMC) बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (IAS) और अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के सख्त निर्देशों पर की गई। अभियान का संचालन सचिव-कम-एस्टेट ऑफिसर सुशांत भाटिया तथा एस्टेट ऑफिसर धर्मिंदरजीत सिंह की सीधी निगरानी में किया गया। इंस्पेक्टर प्रीति चौहान और अमन कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने लिबर्टी मार्केट, रेलवे लिंक रोड; सुल्तानविंड रोड स्थित कोट बाबा दीप सिंह क्षेत्र, गली नंबर 1 से 7 तक; तथा बसंत नगर क्षेत्र में कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़कों, गलियों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से किए गए कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात बाधाओं को दूर करना, पैदल यात्रियों के लिए रास्ते सुगम बनाना तथा सार्वजनिक भूमि को उसके निर्धारित उपयोग के लिए उपलब्ध करवाना था।

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सड़कें, फुटपाथ, गलियां और अन्य सार्वजनिक स्थान बिना उचित अनुमति के निजी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल नहीं किए जा सकते। ऐसे अवैध कब्जों के कारण न केवल आम लोगों को परेशानी होती है, बल्कि यातायात जाम की स्थिति भी उत्पन्न होती है और आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। CMC बिक्रमजीत सिंह शेरगिल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाए गए क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखी जाए और दोबारा कब्जा न होने दिया जाए। अतिरिक्त कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह ने भी संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करने तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सचिव-कम-एस्टेट ऑफिसर सुशांत भाटिया और एस्टेट ऑफिसर धर्मिंदरजीत सिंह ने कहा कि शहर के व्यस्त बाजारों, प्रमुख सड़कों और बार-बार शिकायतों वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार जारी रहेगा। नगर निगम ने दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी संचालकों, विक्रेताओं और आम नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर किए गए किसी भी अवैध कब्जे को स्वयं हटा लें तथा नगर निगम की कार्रवाई में सहयोग करें। निगम ने चेतावनी दी कि अतिक्रमण हटाए जाने के बाद दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ संबंधित नगर निगम नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने कहा कि यह अभियान अमृतसर में यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने, नागरिक अनुशासन को मजबूत करने तथा लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम सार्वजनिक स्थान उपलब्ध करवाने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

जी.एन.ए यूनिवर्सिटी द्वारा प्रिंसिपल डा.वंदना धवन को 'अकादमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): माता साहिब कौर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डा.वंदना धवन को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं अकादमिक नेतृत्व के लिए जीएनए यूनिवर्सिटी द्वारा प्रतिष्ठित 'अकादमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 'आभार 2026-रीकोगनाईजिंग एक्सीलैंस आफ दी अकादमीक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान किया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षाविदों एवं अकादमिक नेतृत्वकर्ताओं के योगदान को सम्मानित किया गया। डा.वंदना धवन के इस सम्मान से विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल है। उनके नेतृत्व में विद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, अनुशासन, व्यक्तित्व निर्माण तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता दे रहा है। विद्यालय के प्रबंधकों एवं समूह स्टाफ ने डा.वंदना धवन को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह सम्मान शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और उत्कृष्ट अकादमिक नेतृत्व की एक महत्वपूर्ण पहचान है।



डी.एन.ए यूनिवर्सिटी की तरफ से अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करती हुई प्रिंसीपल डा.वंदना धवन।

अमृतसर में नशीले पदार्थ और अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क से जुड़े आठ गिरफ्तार

अमृतसर। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने आठ व्यक्तियों को 9.549 किलो हेरोइन, 5.459 किलो अफीम और अवैध .30 बोर पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले तीन बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान राजिंदर सिंह (27) निवासी इंदिरा कॉलोनी, अमृतसर; विनय (26) निवासी ग्वाल मंडी, अमृतसर; प्रदीप सिंह (37) निवासी गांव वरनाली हरशा छीना, अमृतसर; करन सिंह उर्फ करन (24), नवनीत उर्फ कीड़ा (18) और जशनदीप सिंह उर्फ धुन्नी (19), तीनों निवासी गांव अटारी, अमृतसर; बलजिंदर सिंह (37) निवासी बाबा बूढ़ा सिंह कॉलोनी, अमृतसर तथा अमृत पाल सिंह उर्फ अमृत (25) निवासी गांव बोपाराय बाज सिंह, अमृतसर देहाती के रूप में हुई है।

पंजाब कांग्रेस ने पहली बार चंडीगढ़ में दिखाई सियासी ताकत

वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मार्च का किया नेतृत्व

- सचिन पायलट बोले क्या कानून के अनुसार एफआईआर दर्ज कर जांच नहीं होनी चाहिए
- पुलिस ने चलाए वाटर कैनन, कई नेता हुए चोटिल

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के नए प्रभारी महासचिव सचिन पायलट के नेतृत्व में आज हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के घर की ओर मार्च किया। कांग्रेस कार्यकर्ता दलित व्यक्ति गुलजार सिंह की आत्महत्या के मामले में चीमा के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। पुलिस ने बड़ी संख्या में जवान तैनात करके प्रदर्शनकारियों को चीमा के घर तक पहुंचने से रोक दिया। पुलिस ने आगे बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए वाटर कैनन भी चलाए। वाटर कैनन के इस्तेमाल से वरिष्ठ नेता कुलजीत सिंह नागरा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए। इस मौके पर सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस का वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के खिलाफ कोई निजी मामला नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि जब किसी व्यक्ति ने अपने आखिरी बयान में मंत्री का नाम लिया है, तो क्या कानून के अनुसार स्वद्रुक दर्ज कर जांच नहीं होनी चाहिए? पायलट ने कहा कि गुलजार सिंह की आत्महत्या पंजाब के हालात को दिखाती है। उन्होंने कहा कि आप सरकार जो दावे कर रही है, जमीन पर हालात उससे बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने आप को याद दिलाया कि चुनाव से पहले पार्टी ने दलित उपमुख्यमंत्री बनाने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि दलित उपमुख्यमंत्री बनाना तो दूर, आप सरकार में गुलजार सिंह जैसे दलितों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अरविंद केजरीवाल के चुनाव से पहले किए गए उस वादे का जिक्र करते हुए कि सरकार बनने के तीन महीने में ड्रग्स खत्म कर दिए जाएंगे, पायलट ने कहा कि आप के करीब पांच साल के शासन के बाद पंजाब में च्चिट्टाज् इतनी आसानी से मिल रहा है कि अब इसकी च्होम डिलीवरीज्ज् तक हो रही है। वरिष्ठ पंजाब कांग्रेस नेताओं, पीसीसी अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, सीएलपी नेता प्रताप सिंह बाजवा और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भी आप सरकार को घेरते हुए कहा कि आप सरकार पंजाब की सबसे खराब सरकार साबित हुई है। सभी कांग्रेस नेताओं ने सचिन पायलट को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सबसे बड़ा लक्ष्य 2027 का विधानसभा चुनाव जीतना है। नेतृत्व का फैसला बाद में पार्टी हाईकमान करेगा। इस मौके पर पीसीसी अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, सीएलपी नेता प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, ब्रह्म मोहिंद्रा, विजय इंदर सिंगला, राणा के.पी. सिंह, डॉ. अमर सिंह, सुखपाल सिंह खैरा, राणा गुरजीत सिंह, गुरजीत सिंह औजला, भारत भूषण आशु, डॉ. राज कुमार वेरका, सुखविंदर सिंह डैनी, संगत सिंह गिलजियां, कुलजीत सिंह नागरा, अमरप्रीत लाली, लखवीर सिंह लखा, बलबीर सिंह सिद्धू, अमित विज, पवन आदिया, सुखविंदर सिंह सरकारिया, इंद्रबीर बुलारिया, गुरकीरत सिंह, बलजीत कौर सहित कई नेता मौजूद रहे।

HBCHRC पंजाब ने किया पहला एलोजेनिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण

17 वर्षीय बहन ने कैंसर से जूझ रहे 10 वर्षीय भाई की जान बचाने के लिए बोन मैरो दान किया

डेली आवाज भारती





चंडीगढ़। एक 17 वर्षीय बहन ने अपने 10 वर्षीय भाई को, जो ब्लड कैंसर (ल्यूकेमिया) से जूझ रहा था, अपने स्टेम सेल दान करके उसको नया जीवन दिया, जिसके साथ ही नया चंडीगढ़ स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (HBCH&RC) में पहला सफल एलोजेनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट (BMT) किया । पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर का रहने वाला यह 10 वर्षीय बच्चा इस साल अप्रैल में तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (ALL) के दूसरे रिलैप्स (बीमारी की वापसी) से पीड़ित पाया गया था। उसका इलाज जारी रखने के लिए परिवार पंजाब आया और परमाणु ऊर्जा विभाग (भारत सरकार) के तहत टाटा मेमोरियल सेंटर की एक इकाई HBCH&RC में भर्ती हुआ। गहन कीमोथेरेपी के बाद वह ठीक हो गया। हालांकि, बीमारी के दोबारा लौटने के उच्च जोखिम को देखते हुए, सबसे अच्छे इलाज के रूप में एक एलोजेनिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की सलाह की गई थी। एलोजेनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट, जिसे स्टेम सेल ट्रांसप्लांट भी कहा जाता है, एक ऐसा इलाज है जिसमें रोगी की बीमार रक्त-निर्माण प्रणाली (बोन मैरो) को किसी अन्य व्यक्ति से प्राप्त स्वस्थ रक्त-निर्माण स्टेम सेल से बदल दिया जाता है। बाल हेमेटोलॉजिस्ट-ऑन्कोलॉजिस्ट और BMT चिकित्सक डॉ. जसमीत सिद्धू ने बताया, विस्तृत डोनर मूल्यांकन के बाद मरीज की बड़ी बहन को सबसे उपयुक्त डोनर के रूप में पहचाना गया। उसके स्टेम सेल एकत्र किए गए और एक नस के माध्यम से उसके भाई में चढ़ाए गए। प्रत्यारोपित कोशिकाएं सफलतापूर्वक स्थापित हो गई और, करीब निगरानी तथा देखभाल के बाद, बच्चा अब स्वस्थ हो गया है और मंगलवार को अच्छी सेहत में अस्पताल से छुट्टी पा चुका है। हम ट्रांसप्लांट के बाद की अवधि में भी उसकी बारीकी से निगरानी करना जारी रखेंगे। मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. सीमा गुलिया ने कहा, प्रत्यारोपण के लिए सावधानीपूर्वक योजना, सटीक डोनर चयन, संक्रमण से बचाव और गहन सहायक देखभाल की आवश्यकता होती है। समर्पित बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी इकाई से लैस अस्पताल का मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग वयस्क और बाल चिकित्सा रोगियों के लिए मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी-सेल (CAR-T) थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और लक्षित उपचार जैसी आधुनिक उपचार सुविधाओं से सुसज्जित है। यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि यहां उपचार अत्यधिक सब्सिडी वाला है। HBCH&RC पंजाब के निदेशक डॉ. आशीष गुलिया ने कहा, हमारे लिए, यह न केवल एक चिकित्सीय मील का पत्थर है बल्कि एक गहरा मानवीय क्षण भी है।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन में जूनियर एशिया कप जीता

- भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया

डेली आवाज भारती



अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) : फाइनल में भारत के लिए अजीत यादव ने पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान अनमोल एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। प्रभदीप सिंह ने तीसरा और आशु मौर्य ने चौथा गोल करके भारत की जीत पक्की कर दी। कोरिया ने एक गोल किया, लेकिन भारत ने मैच 4-1 से जीत लिया। इस टीम के कप्तान अनमोल एक्का पूरे टूर्नामेंट में चर्चा में रहे। उन्होंने चीनी ताइपे के खिलाफ एक ही मैच में छह गोल करके शानदार प्रदर्शन किया था। फाइनल में भी उन्होंने एक गोल करके टीम की जीत में बड़ा योगदान दिया। अब ये जूनियर हॉकी स्टार्स गोल्ड मेडल और एशिया कप ट्रॉफी लेकर घर लौट रहे हैं और अमृतसर एयरपोर्ट पर उनके स्वागत को लेकर खास उत्साह है। इस जीत की एक और बड़ी अहमियत यह है कि भारत ने जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है। यानी, एशियाई चैंपियन टीम अब ग्लोबल लेवल पर भी भारत को रिप्रेजेंट करें। ÷एशिया कप चैंपियन अमृतसर पहुंचे–गोल्ड मेडल जीतने वाले जूनियर हॉकी स्टार्स का एयरपोर्ट पर ग्रैंड वेलकम किया।

सीरियल किलर को तीसरे केस में भी उम्र कैद की सजा

डेली आवाज भारती

- महिलाओं का रेप कर की थी हत्या

चंडीगढ़। चंडीगढ़ की जिला अदालत ने सीरियल किलर मोनू कुमार के मामले में अहम फैसला सुनाते हुए रेप और हत्या के तीसरे केस में भी दोषी करार देते उम्र कैद की सजा सुनाई है। यह सजा बुजुर्ग से रेप के बाद हत्या मामले में सुनाई गई है। दोषी मोनू कुमार ने गिरफ्तारी के बाद 3 महिलाओं की हत्या करने की बात कबूली। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान जुटाए सबूतों के आधार पर उसके खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने मोनू के खिलाफ सबूत पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उसे दोषी करार दिया। वहीं, एक पुराने केस में सबूत न मिलने के कारण मोनू बरी हो चुका है।

वर्ष 2010 में सेक्टर-38 में रूक्ष छात्रा (21) से दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में मोनू का नाम सामने आया था। छात्रा का शव सेक्टर-38 के पास मिला था। उसे पत्थरों से कुचलकर मारा गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। करीब 14 साल तक आरोपी की पहचान नहीं हो पाई थी। वर्ष 2022 में भी उसने एक महिला को मारा था। मोनू ने पुलिस पूछताछ के दौरान मलोया निवासी एक ऑटो ड्राइवर की पत्नी (40) की हत्या करने की बात कबूली। पुलिस ने बताया कि घटना 11 जनवरी 2022 की रात की थी। फरवरी 2024 में उसने एक महिला (60) का भी रेप किया। चंडीगढ़ के मलोया वन क्षेत्र में सेक्टर-54 के पास महिला सुनसान रास्ते से जा रही थी। मोनू ने उसे पकड़ लिया। रेप के बाद उसका गला घोंट दिया और मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। इसी मामले में पुलिस की जांच के दौरान मोनू पकड़ा गया था। उसने तीनों रेप और मर्डर की वारदातों को कबूला। मोनू के खिलाफ पहला मामला वर्ष 2008 में आया था, जब 20 साल की उम्र में उसने हिमाचल के चंबा क्षेत्र में एक युवती के साथ रेप कर उसकी हत्या कर दी थी। वह उस दौरान ड्राइवरी सीख रहा था और हिमाचल जाता रहता था। वहीं, उसकी मुलाकात एक युवती से हुई थी। उसने उस युवती का अपहरण कर उसके साथ रेप किया।

बाद में उसने युवती के सिर में नुकीले हथियार व पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। मोनू को तीनों मामलों में दोषी करार दिया गया है। छात्रा से रेप के बाद हत्या के मामले में मोनू को जिला अदालत ने 28 नवंबर 2025 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। वहीं, 40 वर्षीय महिला के रेप और हत्या के मामले में ने मोनू को अगस्त 2026 में उम्रकैद की सजा के साथ 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। अब 60 वर्षीय महिला से रेप और हत्या के मामले में मोनू को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है।

माननीय उच्चा न्यायालय के आदेशों के बाद नगर निगम द्वारा अवैध डेयरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

डेली आवाज भारती



अमृतसर/के.एस. बेदी: माननीय पंजाब एवं हरियाणा उ'च न्यायालय के आदेशों की अनुपालन में, नगर निगम अमृतसर द्वारा आज शहर की सीमाओं के भीतर चल रही अवैध पशु डेयरियों के खिलाफ एक बड़े स्तर पर कार्रवाई की गई। यह संयुक्त अभियान नगर निगम आयुक्त (CMC) श्री बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (IAS) और अतिरिक्त आयुक्त डॉ. जय इन्दर सिंह के प्रत्यक्ष दिशा-निर्देशों के तहत पश्चिम ज़ोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 71 के गुरु नानकपुरा और वार्ड नंबर 72 के प्रेम नगर इलाकों में अवैध डेयरियों को हटाने के लिए चलाया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व ड्यूटी मजिस्ट्रेट श्री अंगद सिंह, स्वास्थ्य विभाग की पश्चिम ज़ोन टीम, कैटल इमपाउंड टीम, नगर निगम पुलिस बल और कमिश्नरेट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। अभियान के दौरान 8 अवैध डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें खाली करवाया गया और ज़ब्त किए गए सभी पशुओं को सुरक्षित रूप से सरकारी गौशाला में शिफ्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पशु डेयरी मालिकों द्वारा भारी विरोध किया गया, लेकिन टीम ने दृढ़ता दिखाते हुए अपना काम जारी रखा और अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया। कार्रवाई के बाद नगर निगम प्रशासन ने शहर के बाकी सभी डेयरी मालिकों को अपील और चेतावनी जारी करते हुए कहा कि वे अपने पशुओं को नगर निगम की सीमा से पक्के तौर पर बाहर ले जाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि माननीय उ'च न्यायालय के आदेशों के तहत पूरे शहर में अवैध डेयरियों को हटाने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि पशुओं को नगर निगम की सीमा से बाहर न ले जाया गया, तो आने वाले दिनों में संबंधित मालिकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पशुओं को ज़ब्त कर लिया जाएगा। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमा, मुख्य स्व'छता निरीक्षक (CSI) श्री सरबजीत सिंह, स्व'छता निरीक्षक (SI) श्री रविंदर कुमार, श्री ब्रह्म दास, श्री शाम सिंह, श्री अशोक कुमार और सुपरवाइजरी स्टाफ विशेष रूप से मौजूद था।



प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 15-09-2026 16:27 Page 1

आ रही है HYUNDAI की नई SUV BAYON

पेट्रोल के साथ सीएनजी इंजन का विकल्प

हुंडई भारतीय बाजार में अपनी स्ङ्क रेंज को और मजबूत करने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने अपनी आने वाली नई मध्यम आकार की SUV के नाम का खुलासा कर दिया है। इसे Bayon नाम से पेश किया जाएगा। यह SUV कंपनी की मौजूदा Venue और Creta के बीच जगह बनाएगी। खास बात यह है कि भारत आने वाली Bayon यूरोप और मध्य एशिया में बिकने वाले इसी नाम के मॉडल से अलग होगी। कंपनी के अनुसार, इसका नाम फांस के बास्क क्षेत्र के एक शहर से प्रेरित है। नई Bayon को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही है और भारतीय सड़कों पर इसकी परीक्षण कारें कई बार देखी जा चुकी हैं। अब नाम सामने आने के बाद इस SUV को लेकर तस्वीर कुछ और साफ हो गई है। इसे इस त्योहारी मौसम में बाजार में उतारे जाने की उम्मीद है। कीमत के मामले में यह Creta से सस्ती होगी और इसकी संभावित एक्स-शोरूम कीमत 9 लाख से 14 लाख रुपये के बीच हो सकती है।



Verna जैसी हेडलाइट और क्रॉसओवर डिजाइन

नई Bayon का डिजाइन पारंपरिक चौकोर SUV की तुलना में क्रॉसओवर जैसा होगा। परीक्षण के दौरान सामने आई तस्वीरों में इसके आगे की तरफ दो हिस्सों में बंटी हेडलाइट व्यवस्था देखने को मिली है। ऊपर पूरी चौड़ाई में एलईडी लाइट पट्टी दी जा सकती है, जबकि बंपर पर लगी मुख्य हेडलाइट का डिजाइन Verna से मिलता-जुलता नजर आता है। आगे दो हिस्सों में बना एयर इनटेक और बीच में नंबर प्लेट लगाने की जगह दी गई है। साइड से देखने पर Bayon की खिड़कियों की रेखा पीछे की ओर ऊपर उठती है। ष्ट-पिलर के पास इसमें खास मोड़ दिया गया है, जो इसके डिजाइन को अलग पहचान देता है। स्ङ्क में सामान्य दरवाजे के हैंडल, रूफ रेल और उभरे हुए व्हील आर्च मिलेंगे। इसका बाहरी रूप कुछ हद तक E&ter की याद दिलाता है, हालांकि इसमें भारी बॉडी क्लैडिंग नहीं दिखाई देती। पीछे की तरफ भी पतली एलईडी लाइट पट्टी दी गई है, जो आगे की लाइट व्यवस्था से मेल खाती है। इसके साथ बड़ा रूफ स्पॉइलर भी मिलेगा। कुल मिलाकर हुंडई ने Bayon को ऐसी SUV के रूप में तैयार किया है, जिसका डिजाइन पारंपरिक SUV और क्रॉसओवर के बीच नजर आएगा।

अंदर दो बड़ी स्क्रीन वाला केबिन

नई Bayon के केबिन की पहली झलक भी सामने आ चुकी है। इसमें डैशबोर्ड पर दो स्क्रीन वाला सेटअप देखने को मिला है। ये दोनों स्क्रीन 12.3 इंच की हो सकती हैं, जैसा सेटअप Venue के ऊंचे संस्करणों में मिलता है। स्टीयरिंग व्हील का डिजाइन भी नया है। इसमें दो रंगों का इस्तेमाल किया गया है और बीच में चार बिंदुओं वाला निशान दिया गया है। यह मोर्स कोड में अंग्रेजी अक्षर ' ॥' को दर्शाता है। केबिन में काले और सफेद रंग का दोहरा संयोजन मिलने की संभावना है। हुंडई की मौजूदा कारों में मिलने वाली सुविधाओं को देखते हुए Bayon में भी फीचर्स की लंबी सूची मिलने की उम्मीद है। हालांकि कंपनी ने अभी इसके सभी फीचर्स की आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है। Bayon के इंजन विकल्प इसे Creta से अलग पहचान दे सकते हैं।

इसमें Creta वाला 1.5 लीटर, चार सिलेंडर का नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन मिलने की उम्मीद है। यह इंजन 115 एचपी की शक्ति पैदा करता है। इसके साथ छह गति वाला मैनुअल गियरबॉक्स और CVT का विकल्प दिया जा सकता है।

इस SUV की सबसे अहम खासियत इसका CNG विकल्प हो सकता है। हुंडई इसमें इसी इंजन के साथ ष्टह्वत्र की सुविधा देने की तैयारी कर रही है। CNG टैंक को कार के निचले हिस्से में लगाया जा सकता है। अगर यह योजना अमल में आती है तो Bayon चार मीटर से अधिक लंबाई वाली हुंडई की पहली ष्टह्वत्र कार होगी।

CNG विकल्प के साथ कंपनी उन ग्राहकों को भी आकर्षित करना चाहेगी, जो स्ङ्क का डिजाइन और उपयोगिता चाहते हैं, लेकिन पेट्रोल के मुकाबले कम ईंधन खर्च वाले विकल्प को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि CNG संस्करण की अंतिम तकनीकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

Creta से सस्ती होगी नई Bayon

हुंडई Bayon के जरिये मध्यम आकार की SUV श्रेणी में अपनी पकड़ और मजबूत करना चाहती है। इसे Creta से नीचे रखा जाएगा, जिससे कंपनी के पास इस वर्ग में ग्राहकों के लिए एक और विकल्प तैयार हो जाएगा।

नई Bayon की संभावित कीमत 9 लाख से 14 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच बताई जा रही है। इस कीमत के साथ यह SUV उन ग्राहकों को आकर्षित कर सकती है, जो Venue से बड़ी और Creta से अधिक किफायती SUV की तलाश में हैं।

कोयंबटूर से शुरू होगा 2026 इंडियन रेसिंग फेस्टिवल

F4 चैंपियनशिप में दिखेगा युवा ड्राइवरों का दम

भारत में मोटरस्पोर्ट के नए सत्र की शुरुआत 12 सितंबर से कोयंबटूर के कारी मोटर स्पीडवे पर होने जा रही है। 2026 इंडियन रेसिंग फेस्टिवल की शुरुआत इसी सप्ताहांत होगी, जिसमें सबसे पहले एफ4 इंडियन चैंपियनशिप के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। छह दौर वाली एफ4 चैंपियनशिप के बाद अक्टूबर में इंडियन रेसिंग लीग का चार दौर का सत्र शुरू होगा। दोनों प्रतियोगिताओं का समापन दिसंबर में नए नवी मुंबई स्ट्रीट सर्किट पर होगा। इस बार इंडियन रेसिंग फेस्टिवल का आयोजन स्थायी रेसिंग ट्रैक के साथ-साथ शहरी सड़क पर बने नए सर्किट तक पहुंच रहा है। आयोजक रेसिंग प्रमोशंस प्राइवेट लिमिटेड की योजना भारत में मोटरस्पोर्ट के दायरे को और व्यापक बनाने की है। कोयंबटूर से शुरू होने वाला यह सत्र युवा ड्राइवरों के लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि एफ4 चैंपियनशिप उन्हें कार रेसिंग के अगले स्तर की ओर बढ़ने का अवसर देती है।

14 ड्राइवर और आठ देशों की भागीदारी

एफआईए से प्रमाणित एफ4 इंडियन चैंपियनशिप के 2026 सत्र में 14 ड्राइवर हिस्सा ले रहे हैं। ये ड्राइवर आठ देशों से जुड़े हैं और आठ टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कार्टिंग से आगे बढ़ रहे युवा रेसरों को सिंगल-सीटर रेसिंग का अनुभव देना है। इसके साथ ही यहां प्रदर्शन करने वाले ड्राइवरों को आगे बढ़ने के लिए सुपर लाइसेंस अंक हासिल करने का अवसर भी मिलता है।

इस सत्र में कोलकाता रॉयल टाइगर्स की ओर से सिंगापुर के आरोन मेहता और भारत के स्वर्णव दास मैदान में उतरेंगे। चेन्नई टर्बो राइडर्स के लिए साई आदित्य और अनय दोशी प्रतिस्पर्धा करेंगे। हैदराबाद ब्लैकबर्ड्स की टीम में भारत के भुवन बोनू और ब्रिटेन के श्रवण शन्मुगवेल शामिल हैं।

स्पीड डेमन्स दिल्ली के लिए भारत के कृषय गुट्टे और दक्षिण अफ्रीका के एनतिसियो माबुंडा दौड़ेंगे। गोवा एसेस जेए रेसिंग में अमेरिका-भारत से जुड़े आर्यन नरौला और दक्षिण अफ्रीका के लुवीवे संबुदला शामिल हैं। गॉडस्पीड कोच्चि की ओर से दक्षिण अफ्रीका के माहलोरी माबुंडा, अहमदाबाद एपेक्स रेसर्स की ओर से नॉर्वे के मैथियास अलेक्जेंडर फोरलैंड और किच्चा किंग्स बेंगलुरु की ओर से दक्षिण अफ्रीका के एंजो रुजुगिरो तथा ऑस्ट्रेलिया के एरिस कायरियाकोउ हिस्सा लेंगे।

भुवन बोनू की नजर बड़े लक्ष्य पर

भारत के युवा ड्राइवर भुवन बोनू इस सत्र में हैदराबाद ब्लैकबर्ड्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। उनके लिए यह चैंपियनशिप मोटरस्पोर्ट करियर के अगले चरण की तरह है। बोनू की नजर भविष्य में फॉर्मूला-1 तक पहुंचने के लक्ष्य पर है और एफ4 चैंपियनशिप उनके लिए उस दिशा में महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने का मंच बन सकती है।

अक्टूबर में शुरू होगी इंडियन रेसिंग लीग

एफ4 चैंपियनशिप के बाद इंडियन रेसिंग लीग के 2026 सत्र की शुरुआत 24 और 25 अक्टूबर को चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट से होगी। इस प्रतियोगिता में छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी और चार दौर के मुकाबलों के बाद दिसंबर में नवी मुंबई स्ट्रीट सर्किट पर सत्र का समापन होगा।

इंडियन रेसिंग लीग की टीमों में किच्चा सुदीप के स्वामित्व वाली किच्चा किंग्स बेंगलुरु, अभिनेता जॉन अब्राहम की गोवा एसेस जेए रेसिंग, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली से जुड़ी कोलकाता रॉयल टाइगर्स, अभिनेता नागा चैतन्य की हैदराबाद ब्लैकबर्ड्स, अभिनेता अर्जुन कपूर के समर्थन वाली स्पीड डेमन्स दिल्ली और एकॉर्ड रुगप की चेन्नई टर्बो राइडर्स शामिल हैं।

नवी मुंबई में पहली बार सड़क पर होगी निर्णायक रेसिंग

2026 इंडियन रेसिंग फेस्टिवल की सबसे खास बात नवी मुंबई स्ट्रीट सर्किट का शामिल होना है। दिसंबर में एफ4 इंडियन चैंपियनशिप और इंडियन रेसिंग लीग, दोनों के निर्णायक दौर इसी नए सर्किट पर आयोजित किए जाएंगे।

टाटा सिएरा डार्क एडिशन से हुंडई बेयॉन और महिंद्रा बीई07 तक

आने वाली हैं ये 4 दमदार मिड-साइज SUV

भारतीय बाजार में मिड-साइज SUV की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है और इसी को देखते हुए वाहन कंपनियां इस श्रेणी में नए मॉडल और मौजूदा मॉडलों के नए संस्करण लाने की तैयारी कर रही हैं। आने वाले महीनों में रेनो, हुंडई, टाटा और महिंद्रा की ओर से चार ऐसी SUV देखने को मिल सकती हैं, जो अलग-अलग तरह के ग्राहकों को आकर्षित करेंगी। इनमें हाइब्रिड SUV से लेकर EV कार और खास डार्क एडिशन तक शामिल हैं।

Renault Duster Hybrid

नई Renault Duster के बाद कंपनी अब इसका स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड संस्करण लाने की तैयारी में है। इसे 2026 में दिवाली के आसपास बाजार में उतारे जाने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार 2026 के लिए Duster E-Tech Hybrid का पूरा उत्पादन पहले ही बुक हो चुका है, जो इस मॉडल की मांग का संकेत देता है। इस SUV में 1.8-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन के साथ 1.4kWh बैटरी और दो इलेक्ट्रिक मोटर दी जाएंगी। इसका हाइब्रिड सिस्टम करीब 160bhp की ताकत और 172ह्वद्ध का टॉर्क देने में सक्षम होगा। रेनो का दावा है कि शहर में करीब 80 प्रतिशत ड्राइविंग इलेक्ट्रिक मोड में की जा सकती है। इसमें सामान्य e-CVT के बजाय मल्टी-मोड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिया जाएगा। मौजूदा Duster की शुरुआती कीमत 10.49 लाख रुपये है।

Hyundai Bayon

हुंडई भी Venue और नई पीढ़ी की Creta के बीच एक नई SUV उतारने की तैयारी कर रही है। कोडनेम BCyi वाली इस SUV की लंबाई करीब 4.3 मीटर हो सकती है। इसका डिजाइन मौजूदा हुंडई SUV से अलग और क्रॉसओवर शैली का होने की उम्मीद है। फीचर्स की बात करें तो इसमें दो 12.3-इंच स्क्रीन, वायरलेस Apple CarPlay और Android Auto, वायरलेस चार्जिंग, एंबिएंट लाइटिंग और Bose साउंड सिस्टम मिल सकता है। इसके अलावा पैनोरमिक सनरूफ और Level w ADAS जैसी सुविधाएं भी मिलने की उम्मीद है। इंजन के तौर पर इसमें 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया जा सकता है, जो करीब 115hp की ताकत और 144Nm का टॉर्क देगा। इसके साथ 6-स्पीड मैनुअल और CVT गियरबॉक्स के विकल्प मिलने की संभावना है। इसकी एक खास बात यह हो सकती है कि यह भारत में चार मीटर से ज्यादा लंबी पहली हुंडई SUV होगी, जिसमें फैक्ट्री-फिटेड CNG विकल्प दिया जाएगा।



BMW F 450 GS हुई महंगी

पांच महीने में दूसरी बार बदली कीमत

जानें अब कितने में मिलेगी बाइक



प्रीमियम बाइक खरीदने वालों के लिए BMW ने बड़ा झटका दिया है। कंपनी ने भारत में अपनी लोकप्रिय एडवेंचर टूरर बाइक BMW F 450 GS की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। खास बात यह है कि भारतीय बाजार में लॉन्च होने के करीब पांच महीने बाद ही बाइक के दाम बढ़ाए गए हैं। मॉडल के तीनों वैरिएंट अब पहले की तुलना में महंगे हो गए हैं और सबसे ज्यादा बढ़ोतरी टॉप वैरिएंट की कीमत में हुई है। कंपनी ने BMW F 450 GS के बेस और एक्सक्लूसिव वैरिएंट की कीमत में 25,000 रुपये की बढ़ोतरी की है, जबकि GS Trophy वैरिएंट अब 30,000 रुपये महंगा हो गया है। कीमतों में यह बदलाव उत्पादन लागत और भारत सहित दूसरे बाजारों में बाइक की मांग को देखते हुए किया गया है।

अब इतनी हो गई BMW F 450 ञ्रस की कीमत

कीमत बढ़ने के बाद BMW F 450 ञ्रस के बेस वैरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 4.70 लाख रुपये से बढ़कर 4.95 लाख रुपये हो गई है। वहीं एक्सक्लूसिव वैरिएंट के लिए अब 5.15 लाख रुपये खर्च करने होंगे, जबकि इसकी पुरानी कीमत 4.90 लाख रुपये थी। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी GS Trophy वैरिएंट में हुई है। इसकी कीमत 5.30 लाख रुपये से बढ़कर अब 5.60 लाख रुपये एक्स-शोरूम हो गई है। यानी इस वैरिएंट को खरीदने वाले ग्राहकों को पहले की तुलना में सीधे 30,000 रुपये अधिक खर्च करने होंगे।

कीमत बढ़ी, लेकिन इंजन और फीचर्स में बदलाव नहीं

कीमत बढ़ाने के बावजूद कंपनी ने BMW F 450 GS के इंजन या फीचर्स में कोई बदलाव नहीं किया है। बाइक में पहले की तरह 420 सीसी का पैरेलल-ट्विन इंजन मिलता है, जो 48 बीएचपी की अधिकतम पावर और 43 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। बाइक में 6.5 इंच की कलर टीएफटी स्क्रीन के साथ रेन, रोड और एंड्यूरो जैसे राइडिंग मोड मिलते हैं। इसके अलावा डायनेमिक ट्रैक्शन कंट्रोल जैसे फीचर्स भी पहले की तरह मौजूद हैं। ञ्रस ञ्रह्मश्चद्ध4 वैरिएंट में ईजी राइड क्लच और एडजस्टेबल स्पोर्ट सस्पेंशन जैसे अतिरिक्त फीचर्स दिए गए हैं। भारत में बनती है और विदेशों में होती है सप्लाई

BMW F 450 ञ्रस की एक खास बात यह भी है कि इसका निर्माण वैश्विक स्तर पर भारत में ही किया जाता है। चेन्नई स्थित BMW प्लांट में तैयार होने वाली यह बाइक यूरोप सहित कई विदेशी बाजारों में भी भेजी जाती है। सब-500 सीसी एडवेंचर बाइक श्रेणी में बढ़ती मांग, उत्पादन लागत, कच्चे माल की कीमत और आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों को कीमत में बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जब प्रीमियम एडवेंचर बाइक बाजार में ग्राहकों के पास कई विकल्प मौजूद हैं। ङ्कस्ङ्क स्र 450 ञ्रस की नई कीमतों के बाद खासतौर पर ञ्रस ञ्रह्मश्चद्ध4 वैरिएंट खरीदने वालों का बजट पहले के मुकाबले बढ़ जाएगा। हालांकि, कीमत बढ़ने के साथ कंपनी ने बाइक के इंजन, डिजाइन या फीचर्स में कोई बदलाव नहीं किया है।

इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

H1 में 1.48 लाख यूनिट बिकीं; MG WINDSOR सबसे आगे

भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री लगातार मजबूत होती नजर आ रही है। 2026 की पहली छमाही यानी जनवरी से जून के दौरान देश में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री ने हाइब्रिड कारों को काफी पीछे छोड़ दिया। इस दौरान जहां 1.48 लाख से ज्यादा EV कारों की डिलीवरी हुई, वहीं हाइब्रिड कारों की बिक्री करीब 57,855 यूनिट रही। यानी छह महीनों में EV कारों की बिक्री हाइब्रिड कारों के मुकाबले ढाई गुना के करीब रही। इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री के आंकड़ों पर नजर डालें तो जनवरी से जून 2026 के दौरान टॉप-20 मॉडल की कुल बिक्री 1,39,024 यूनिट रही। पिछले साल इसी अवधि में इन मॉडल की कुल 83,229 यूनिट बिक्री हुई थी। इस तरह एक साल में इन प्रमुख EV कारों की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

MG Windsor ने फिर बनाई नंबर-1 जगह

॥1 2026 की बिक्री में MG Windsor सबसे आगे रही। इस EV कार की जनवरी से जून के बीच कुल 19,080 यूनिट बिकीं। हालांकि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले इसकी बिक्री कम रही, जब 21,109 यूनिट की बिक्री दर्ज हुई थी। इसके बावजूद इस साल की पहली छमाही में यह देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली EV कार रही।

दूसरे स्थान पर महिंद्रा XEV 9S रही, जिसकी 18,074 यूनिट बिकीं। इसके बाद टाटा नेक्सन EV ने 16,567 यूनिट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। नेक्सन EV की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले खासा सुधार हुआ है। ॥1 2025 में इसकी 9,284 यूनिट बिकी थीं।

टाटा पंच EV भी मजबूत प्रदर्शन के साथ चौथे स्थान पर रही। जनवरी से जून 2026 के बीच इसकी 15,683 यूनिट बिकीं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 7,545 यूनिट की बिक्री हुई थी। महिंद्रा XEV 9e 11,242 यूनिट के साथ पांचवें स्थान पर रही।

हैरियर EV और ई-विटारा ने भी बनाई जगह

टाटा हैरियर EV की बिक्री 10,499 यूनिट रही और यह छठे स्थान पर रही। पिछले साल इसी अवधि में इसकी सिर्फ 475 यूनिट बिकी थीं। वहीं मारुति ई-विटारा ने 8,572 यूनिट की बिक्री के साथ सूची में सातवां स्थान हासिल किया।

टाटा कर्व EV की 7,281 यूनिट और महिंद्रा BE 6 की 6,849 यूनिट बिकीं। टाटा टियागो EV भी 6,816 यूनिट की बिक्री के साथ शीर्ष 10 में शामिल रही। हालांकि टियागो EV की बिक्री 58 हजार यूनिट से नीचे हाइब्रिड कारों की बिक्री की बात करें तो जनवरी से जून 2026 के दौरान कुल 57,885 यूनिट की बिक्री दर्ज हुई। इस श्रेणी में टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस 27,812 यूनिट के साथ सबसे आगे रही। हालांकि पिछले साल की समान अवधि में इसकी 29,652 यूनिट बिकी थीं।

टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर 18,577 यूनिट के साथ दूसरे स्थान पर रही। मारुति ग्रैंड विटारा की 4,086 यूनिट, मारुति विक्टोरिस की 3,231 यूनिट और मारुति इनविक्टो की 1,418 यूनिट बिकीं। टोयोटा कैमरी, वेलफायर और होंडा सिटी e:HEV की बिक्री भी इस सूची में शामिल रही।

इन आंकड़ों से साफ है कि 2026 की पहली छमाही में भारतीय कार बाजार में EV कारों की मौजूदगी पहले की तुलना में काफी मजबूत हुई है। MG Windsor सबसे आगे रही, लेकिन उसके पीछे महिंद्रा और टाटा के कई मॉडल तेजी से बिक्री कर रहे हैं। खास तौर पर नेक्सन EV, पंच EV और हैरियर EV की बिक्री यह संकेत देती है कि ग्राहकों के बीच अलग-अलग कीमत और आकार की EV कारों की मांग बढ़ रही है।



CMYK

page 7_Layout 1 15-09-2026 15:57 Page 1

असम की सरकारी बसों में लगेगा जीपीएस और एसओएस बटन

यात्रा होगी सुरक्षित : हिमंता बिस्वा सरमा

डेली आवाज भारती

गुवाहाटी। **असम** अपने सार्वजनिक परिवहन तंत्र को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। यात्री सुरक्षा, परिचालन दक्षता और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से असम राज्य परिवहन निगम (एएसटीसी) की बसों में इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि नए सिस्टम को अपनाकर राज्य की बसों को न सिर्फ स्मार्ट, बल्कि बहुत ज्यादा सुरक्षित बनाया जा रहा है। इस पहल के तहत एएसटीसी बसों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा, जिससे बसों की रियल-टाइम निगरानी, संचालन प्रबंधन



और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस सिस्टम को स्मार्ट शेड्यूलिंग में मदद करने के लिए भी डिजाइन किया गया है, जिससे यात्रियों के इंतजार का समय कम हो सकता है और फ्लीट मैनेजमेंट (बस बेड़े का प्रबंधन) बेहतर हो सकता है। इस पहल का एक अहम हिस्सा बसों के अंदर इमरजेंसी पैनिक/एसओएस बटन लगाना है। मुख्यमंत्री के अनुसार, ये इमरजेंसी सिस्टम सीधे कंट्रोल सेंटर से जुड़े होंगे। इनका मकसद इमरजेंसी रिस्पॉन्स को मजबूत करना और सुरक्षा को बेहतर बनाना है। अपग्रेड किया गया सिस्टम ऑटोमेटेड टिकटिंग और ई-पेमेंट को भी सपोर्ट करेगा, जिससे पारंपरिक टिकटिंग प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम होगी और रोजमर्रा के पब्लिक ट्रांसपोर्ट में डिजिटल पेमेंट की सुविधा आएगी।सरकार का कहना है कि टेक्नोलॉजी पर आधारित इस बदलाव का मकसद राज्य परिवहन निगम के कामकाज को ज्यादा तेजी से काम करने वाला और कुशल बनाना है। साथ ही यात्रियों के लिए सुरक्षा का माहौल बेहतर करना है। आईटीएमएस की शुरुआत ऐसे समय में हो रही है, जब असम पब्लिक सर्विस और ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। रियल टाइम मॉनिटरिंग से अधिकारियों को बसों के बेड़े की आवाजाही पर नजर रखने, कामकाज में देरी का पता लगाने और सड़क पर होने वाली घटनाओं पर ज्यादा असरदार तरीके से कार्रवाई करने में भी मदद मिल सकती है। यह पहल ऐसे राज्य में खास तौर पर अहम साबित हो सकती है जहां पब्लिक बसें शहरी केंद्रों को छोटे कस्बों और ग्रामीण इलाकों से जोड़ने वाला ट्रांसपोर्ट का एक अहम जरिया बनी हुई हैं। जीपीएस-इनेबल्ड ट्रैकिंग, डिजिटल टिकटिंग, इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम और स्मार्ट शेड्यूलिंग को बसों के बेड़े में शामिल करके, असम सरकार आईटीएमएस को असम राज्य परिवहन निगम के आधुनिकीकरण में एक नए चरण के तौर पर पेश कर रही है।

थिंकरबेल लैब्स वंदे भारतम के टॉप 50 में शामिल

अडानी ग्रुप से मिला 10 दिवसीय मेंटरशिप बैज, पेश किया एआई-सक्षम ब्रेल डिस्प्ले टैक्टेरा

डेली आवाज भारती

बेंगलुरु। दृष्टिबाधितों के लिए समावेशी तकनीक विकसित करने वाले भारतीय असिस्टिव टेक्नोलॉजी स्टार्टअप 'थिंकरबेल लैब्स' ने 'वंदे भारतम' पहल के शीर्ष 50 (Top 50) में जगह बनाई है। इस उपलब्धि के साथ कंपनी को अडानी ग्रुप से 10 दिनों का मेंटरशिप बैज मिला है। साथ ही, कंपनी ने प्रथम मित्तल, विजय केडिया, अंकुर दहिया और डॉ. अपूर्व रंजन शर्मा जैसे दिग्गज निवेशकों और विशेषज्ञों के पैनल के सामने अपना विज़न और पिच प्रस्तुत की। एआई-सक्षम ब्रेल डिस्प्ले 'टैक्टेरा' और 'एनी' का प्रदर्शन थिंकरबेल लैब्स ने मंच पर अपने फ्लैगशिप ब्रेल साक्षरता उपकरण 'एनी' (Annie) के साथ-साथ आगामी 32-सेल रिफ्रेशेबल ब्रेल डिस्प्ले 'टैक्टेरा' (Tactera) को प्रदर्शित किया÷ डिजिटल लाइब्रेरी बनेगी सुलभ÷ जहां 'एनी' ऑडियो-गाइडेड पाठों के माध्यम से बच्चों को ब्रेल की बुनियादी शिक्षा देने में मदद करता है, वहीं 'टैक्टेरा' आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से डिजिटल किताबों, दस्तावेजों और ऑनलाइन सामग्री को सीधे ब्रेल में तब्दील कर दृष्टिबाधित बच्चों के हाथों तक पूरी डिजिटल लाइब्रेरी पहुंचाएगा। वैश्विक संदर्भ÷ कंपनी की यह प्रस्तुति ऐसे समय में आई है जब हाल ही



में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भर जीवन के लिए असिस्टिव तकनीक की पहुंच पर अपना पहला प्रस्ताव पारित किया है। बिट्स पिलानी से लेकर राष्ट्रीय मंच तक का सफर बिट्स पिलानी (BITS Pilani) के चार इंजीनियरों द्वारा स्थापित इस स्टार्टअप ने ब्रेल साक्षरता को सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में बड़ा मुकाम हासिल किया है÷ देशभर में विस्तार÷ वर्तमान में 'एनी' देश के 490 से अधिक केंद्रों पर स्थापित है, जिससे हजारों बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। प्रमुख उपलब्धियां÷ कंपनी को उद्योगपति आनंद महिंद्रा से निवेश, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति से सराहना मिल चुकी है। इसके अलावा शार्क टैंक इंडिया में उपस्थिति, 'एआई फॉर ऑल' समिट के टॉप 20 में चयन और टाइम मैगजीन, एमआईटी सॉल्व तथा यूएनडीपी (UNDP) द्वारा वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त हो चुकी है। कंपनी फिलहाल अपने नए फंडिंग राउंड पर काम कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भौगोलिक विस्तार और नए उत्पादों का विकास करना है।

दुबई जा रही स्पाइसजेट की उड़ानों में देरी होने से यात्रियों ने एयरपोर्ट पर किया हंगामा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली से दुबई जा रही स्पाइसजेट की दो उड़ानों में लंबी देरी होने के कारण (एक उड़ान में 24 घंटे से अधिक की देरी) यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार सुबह 7:45 बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट एसजी 5111 के लिए कई बार देरी से उड़ने का ऐलान किया गया और खबर लिखे जाने तक यह उड़ान नहीं भर पाई थी, जो दिखाता है कि उड़ान में 24 घंटे से ज्यादा की देरी हो गई है। हालांकि, अब फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म फ्लाइटरडार 24 पर यह उड़ान रद्द दिखाई दे रही है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि



एक और फ्लाइट (एसजी 5105), जिसे सोमवार शाम 6:45 बजे दिल्ली से दुबई के लिए उड़ान भरनी थी, उसे मंगलवार दोपहर तक के लिए टाल दिया गया। इसके अलावा, यात्रियों ने कहा कि उन्हें एयरलाइन से कोई ताजा जानकारी नहीं मिली। साथ ही, सोशल मीडिया पर एयरपोर्ट के वायरल वीडियो में फंसे हुए यात्रियों को टर्मिनल के फर्श पर बैठे और अपनी उड़ान के बारे में जानकारी मांगते हुए देखा गया। रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों ने प्रभावित यात्रियों को खाने-पीने की चीजें दीं और परेशानी के दौरान उनकी मदद की। इसके अलावा, एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया, ÷ऑपरेशनल दिक्कतों की वजह से दुबई जाने वाली स्पाइसजेट की दो फ्लाइट्स में 24 घंटे से ज्यादा की देरी हुई, जिसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों ने विरोध किया। फंसे हुए यात्री टर्मिनल के फर्श पर इंतजार करते रहे, जबकि अधिकारियों ने उन्हें खाना और ड्रिंक्स उपलब्ध कराए।÷ स्पाइसजेट ने कहा कि देरी ऑपरेशनल दिक्कतों की वजह से हुई, क्योंकि उसका एक विमान ग्राउंड कर दिया गया था।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा, ÷एक विमान के ग्राउंड होने के बाद ऑपरेशनल कारणों से दिल्ली से दुबई जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट्स एसजी 5111 और एसजी 5105 में देरी हुई है।÷ एयरलाइन ने आगे कहा कि प्रभावित यात्रियों के लिए दूसरी फ्लाइट्स का इंतजाम किया जा रहा है और हुई असुविधा के लिए माफी मांगी। हाल ही में इस महीने, मौसम और तकनीकी खराबी की वजह से कई फ्लाइट्स के ऑपरेशन में रुकावट आई। रविवार को, खराब मौसम और कम विज़िबिलिटी की वजह से एयर इंडिया के एक विमान (एआई431) को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। इसी तरह, 13 सितंबर को भोपाल से दिल्ली जाने वाली एयरलाइन की एक फ्लाइट को तय प्रक्रियाओं के तहत तकनीकी खराबी की वजह से जयपुर डायवर्ट करना पड़ा।

दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कंटेनर पलटा

पंजाब से तस्करी कर लाई जा रही 30 लाख की अवैध शराब जब्त; 4 फर्जी नंबर प्लेट बरामद, चालक फरार

डेली आवाज भारती

दौसा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए एक सड़क हादसे ने शराब तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दिया। राहुवास थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हुए एक बंद बॉडी कंटेनर से पंजाब से तस्करी कर लाई जा रही करीब 30 लाख रुपये मूल्य की 4,585 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर कंटेनर को जब्त कर लिया है। एक्सप्रेस-वे पर हादसे के बाद खुला राज राहुवास थानाधिकारी सुरेश कुमार के अनुसार, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब क्षतिग्रस्त कंटेनर की जांच की, तो उसके भीतर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के कार्टन ठसाठस भरे मिले। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा।



बरामद शराब का ब्योरा

- रॉयल चैलेंज (Royal Challenge): 180 एमएल के कुल 18,840 पव्वे
- ऑल सीजंस (All Seasons): 750 एमएल की कुल 1,593 बोतलें
- कुल मात्रा व अनुमानित कीमत- 4,585 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, जिसकी बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपये आंकी गई है।
- पुलिस को गुमराह करने के लिए रखी थीं फर्जी नंबर प्लेट
- तलाशी के दौरान कंटेनर के केबिन से अलग-अलग नंबरों वाली चार पीले रंग की नंबर प्लेट भी बरामद हुई हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि तस्कर अंतरराज्यीय सीमाओं और टोल नाकों पर पुलिस व आबकारी विभाग को चकमा देने के लिए रास्ते में नंबर प्लेट बदलते थे।
- पुलिस ने राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वाहन और शराब को जब्त कर लिया है। कंटेनर के चेसिस नंबर और मिली फर्जी नंबर प्लेटों के आधार पर फरार चालक व शराब तस्करी गिरोह के मुख्य सरगना की तलाश शुरू कर दी गई है।

केरल में बिजली कटौती पर घमासान, सतीशन सरकार विपक्ष के निशाने पर

डेली आवाज भारती

तिरुवनंतपुरम। केरल में बिजली का संकट वीडी सतीशन सरकार के लिए पहली बड़ी राजनीतिक और प्रशासनिक चुनौती बन गया है। लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर वामपंथी विपक्ष ने सरकार पर हमला तेज कर दिया है और मौजूदा स्थिति की तुलना पिछले एक दशक से कर रहा है, जब केरल में निर्धारित बिजली कटौती से आमतौर पर लोगों को जूझना नहीं पड़ता था। बिजली मंत्री सनी जोसेफ ने मंगलवार को माना कि एनटीपीसी से करीब 30 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदने पर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। इससे हालात को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। मंत्री ने कहा कि इतनी महंगी बिजली खरीदने से राज्य पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा और इसके लिए कैबिनेट की मंजूरी लेनी होगी। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि मौजूदा बिजली कटौती कब तक चलेगी। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि सरकार संकट को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए हरसंभव कोशिश



कर रही है। सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा इस कमी को नई सरकार की नाकामी के तौर पर पेश कर रहा है। उनका कहना है कि पिनाराई विजयन सरकार के 10 साल के कार्यकाल में रोजाना होने वाली बिजली कटौती लगभग गायब हो गई थी।

मौजूदा सरकार के लिए सबसे बड़ी राजनीतिक चुनौती यह है कि अब बिजली की उपलब्धता के आंकड़ों से ज्यादा आम लोग सीधे तौर पर इस कमी का असर झेल रहे हैं। बिजली क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि इस संकट को सिर्फ कम समय में बिजली खरीदने में नाकामी के तौर पर नहीं देखना चाहिए। इंजीनियरिंग फिजिसिस्ट और बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञ केएस मनोज ने कहा कि इस कमी ने केरल की बिजली व्यवस्था की गहरी कमजोरी को सामने ला दिया है। इसमें बाहरी बिजली पर निर्भरता, खरीद की लागत में उतार-चढ़ाव और मजबूत लंबी अवधि की योजना का न होना शामिल है। केएस मनोज ने कहा, ÷फिलहाल सवाल सिस्टम को चालू रखने की लागत का है। अगर 300 मेगावाट बिजली लगातार 30 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीदी जाती है तो सिर्फ बिजली का बिल ही एक दिन में करीब 2.16 करोड़ रुपए और 30 दिनों में लगभग 65 करोड़ रुपए बैठेगा। हालांकि असली खर्च खरीदी गई बिजली की मात्रा, अवधि और अनुबंध की शर्तों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि केएसईबी को पावर सिस्टम मैनेजमेंट में माहिर पूर्णकालिक प्रोफेशनल चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर की जरूरत है। यह बहस आईएएस बनाम टेक्नोक्रेट की नहीं होनी चाहिए, बल्कि जो भी इस संस्था का मुखिया हो, उसके पास तकनीकी ज्ञान, प्रबंधन क्षमता, जवाबदेही और निरंतरता होनी चाहिए ताकि वह बिजली खरीद, उत्पादन, ट्रांसमिशन और बाजार से जुड़े फैसले ले सके।

BPSC 70वीं और SI भर्ती परीक्षा रद कराने की मांग पर पटना में छात्रों का प्रदर्शन, पुलिस का लाठीचार्ज



डेली आवाज भारती

पटना। बिहार पुलिस दारोगा भर्ती और बीपीएससी 70वीं परीक्षा रद करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों ने गांधी मैदान के समीप प्रदर्शन किया।विभिन्न छात्र संगठनों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र जेपी गोलंबर के पास जुटे और सड़क पर उतर गए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने जेपी गोलंबर से रामगुलाम चौक तक मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने पहले वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, लेकिन हालात नहीं संभले तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाया। गांधी मैदान से मार्च शुरू करने के बाद प्रदर्शनकारी छात्र राजभवन की ओर बढ़ रहे थे। रास्ते में पुलिस ने बैरिकेडिंग कर छात्रों को प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने से रोकने की कोशिश की। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और आगे बढ़ने लगे। मौके पर पुलिस की भारी तैनाती की गई थी। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा कि प्रदर्शनकारियों को प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। ष्टस्क्कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि अगर प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे तो पुलिस उन्हें रोक देगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ छात्रों की बातचीत सकारात्मक रही है और उम्मीद है कि छात्र उनकी बात मानेंगे। उन्होंने कहा, हम उन्हें रोकेंगे और आगे नहीं बढ़ने देंगे। हालांकि, बातचीत सकारात्मक रही है और हमें उम्मीद है कि छात्र सहमत होंगे।

जोधपुर में चुनावी रंजिश में देर रात फायरिंग का आरोप : पुलिस के सामने फूटा युवक का गुस्सा

मर्डर वाले बदमाशों पर जानलेवा हमले का दावा, वीडियो वायरल

डेली आवाज भारती

जोधपुर। शहर की शांत सड़कों पर आधी रात के सन्नाटे में उस समय हड़कंप मच गया जब चुनावी रंजिश के चलते फायरिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एक युवक ने पुलिसकर्मियों के सामने ही कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए जोरदार हंगामा किया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक के बड़े आरोप- पिस्तौल तानकर सरेआम फायरिंग- वायरल वीडियो



में युवक बेहद आक्रोशित नजर आ रहा है। उसका साफ कहना है कि बदमाशों ने उसके साथी पर सरेआम पिस्तौल तानकर जानलेवा नीयत से फायर झोंक दिया। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी प्रथम दृष्टया फायरिंग की आधिकारिक पुष्टि से इनकार करते नजर आए। चुनावी समर्थन बना हमले की वजह- युवक ने इस हमले के पीछे सीधे तौर पर चुनावी रंजिश बताई है। उसका दावा है कि ÷कल संपन्न हुए चुनाव में उस लड़के ने खुलकर मेरा समर्थन किया था।

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट के हवाई क्षेत्र में मार गिराया अमेरिका का MQ-1 ड्रोन, IRGC का दावा

डेली आवाज भारती

तेहरान। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट के हवाई क्षेत्र में मंगलवार को एक और एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराने का दावा कर्ो या। इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) की र्रि पोर्ट के अनुसार, आईआरजीसी के जनसंपर्क विभाग ने कहा कि अमेरिकी ड्रोन को होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से के आसमान में देखा गया और फिर स्ट्रेट की एयरोस्पेस फोर्स की नई उन्नत वायु रक्षा प्रणाली ने उसे नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई ईरान के एकीकृत वायु रक्षा नेटवर्क की निगरानी और नियंत्रण में की



गई। आईआरएनए के अनुसार, आईआरजीसी ने दावा कर्ो या कर्ो ईरान के वायु रक्षा बल दुश्मन ने हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। जब से अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खर्ो लाफ युद्ध शुरू कर्ो या है, तब से अब तक ईरानी वायु रक्षा बलों ने दर्जनों लड़ाकू और जासूसी ड्रोन समेत कई अन्य दुश्मन विमानों को मार गिराया है। आईआरजीसी ने कहा कर्ो पिछले सप्ताह भी होर्मुज क्षेत्र के ऊपर ईरानी सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया था। इस बीच, आईआरजीसी नौसेना कमान ने बताया कि ÷एल गैया नाम का एक विशाल तेल टैंकर प्रतिबंधित क्षेत्र से गुजरने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह समुद्री बारूदी सुरंगों (नौसैनिक माइंस) से टकरा गया था। नौसेना के अनुसार, इस टक्कर के कारण जहाज में बड़ा विस्फोट हुआ और आग लग गई। आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार मंच सेपाह न्यूज में जारी बयान के अनुसार, ऑयल टैंकर में लगी आग को बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन प्रयास सफल नहीं हुए और पूरा जहाज आग की लपटों में घिर गया। होर्मुज स्ट्रेट अभी बंद है और उस पर ईरानी नौसेना का नियंत्रण बना हुआ है।

सुवेंदु अधिकारी के पूर्व पीए की मां नंदीग्राम उपचुनाव में भाजपा की उम्मीदवार होंगी

डेली आवाज भारती

कोलकाता। भाजपा ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले की नंदीग्राम विधानसभा सीट और मुर्शिदाबाद जिले की रेजीनगर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। नंदीग्राम से पार्टी ने हसीरानी रथ को उम्मीदवार बनाया है। वह चंद्रनाथ रथ की मां हैं, जो पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट थे और जिनकी इस साल 6 मई की शाम को राज्य के उत्तर 24 परगना ज़िले के मध्यमग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हत्या पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के दो दिन बाद हुई थी। रेजीनगर उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार सखराव सरकार हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि हसीरानी रथ नामांकन दाखिल करने



से पहले नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र के जानकीनाथ मंदिर में पूजा करेंगी। कार्यकर्ता और समर्थक हसीरानी रथ के नामांकन दाखिल करने के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहले ही जुटने लगे हैं। पूजा करने के बाद, वह नामांकन दाखिल करने के लिए लगभग 20,000 कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ एक जुलूस निकालेंगी। यह जुलूस हल्दिया में जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय पहुंचेगा और उसके बाद वह अपना नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन दाखिल करने के दौरान मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। नंदीग्राम और रेजीनगर उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है। चुनाव 6 अक्टूबर को होंगे और नतीजे 9 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। इस साल की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनावों में, सुवेंदु अधिकारी दक्षिण कोलकाता की नंदीग्राम और भवानीपुर दोनों विधानसभा सीटों से चुने गए थे। भवानीपुर में सुवेंदु अधिकारी ने अपनी पूर्ववर्ती और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 15,000 से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था। अधिकारी ने भवानीपुर सीट अपने पास रखी, जिसके बाद नंदीग्राम में उपचुनाव की जरूरत पड़ी। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद जिले की नौदा और रेजीनगर विधानसभा सीटों से आम जनता उन्नयन पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा और जीते।

हुमायूं कबीर नौदा सीट से जीते और उसे अपने पास रखा, जबकि रेजीनगर उपचुनाव के लिए उन्होंने अपने बेटे गुलाम नबी आजाद को उम्मीदवार बनाया है। 2021 से ही सुवेंदु अधिकारी की वजह से नंदीग्राम भाजपा का मजबूत गढ़ बना हुआ है। इसलिए, वहां होने वाले उपचुनाव के नतीजों को लेकर राजनीतिक जानकारों को कोई शक नहीं है।

CMYK

page 8_Layout 1 15-09-2026 21:03 Page 1

संदिग्ध पनीर पर कार्रवाई, 35 किलो माल नष्ट

● लुधियाना में खाद्य सुरक्षा विभाग की विशेष जांच मुहिम ● कई खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे

डेली आवाज भारती क्राइम





लुधियाना/रवीश कपूर। लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त लुधियाना श्री हिमांशु जैन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया। टीम ने सब्जी मंडियों, बेकरी एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के साथ-साथ Food Safety on Wheels के माध्यम से खाद्य पदार्थों की प्राथमिक जांच की और लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान सब्जी मंडी से पपीते का एक नमूना, हीरो बेकरी चौक और अब्दुल्ला बस्ती स्थित दुकानों से तैयार चिकन एवं पैटीज के नमूने तथा बहादरके रोड सब्जी मंडी से पनीर के दो नमूने लेकर अधिकृत प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए। बहादरके रोड मंडी में जांच के दौरान लगभग 35 किलोग्राम पनीर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त होने की आशंका के चलते इसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष चावला ने कहा कि खाद्य गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रयोगशाला रिपोर्ट के आधार पर मानकों पर खरे न उतरने वाले नमूनों के संबंध में संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह अधिनियम खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और वितरण को नियंत्रित करता है। उन्होंने खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता, उचित भंडारण और स्वास्थ्य मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आम लोगों से भी अपील की गई कि वे खाद्य सामग्री केवल स्वच्छ एवं विश्वसनीय दुकानों से खरीदें तथा बरसात के मौसम में कटे, सड़े-गले या बासी फल-सब्जियों के सेवन से बचें। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि जिले में निरीक्षण, नमूना जांच और जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

पंजाब सरकार गौधान की देखभाल के लिए प्रयास कर रही है: मीत हेयर

मध्य प्रदेश ने गौशालाओं को 31 गौ उठाने वाली मशीनें की वितरित

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन सिंगला काली) : गौधान की देखभाल और प्रबंधन समाज का साझा दायित्व है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे निभाने का कर्तव्य निभाना चाहिए। यह बात लोकसभा सदस्य एस. गुरमीत सिंह मीट हेयर ने बरनाला के पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक में गौ उठाने वाली मशीनों के वितरण के दौरान कही। इस अवसर पर श्री मीत हेयर ने पंजाब गौ सेवा आयोग द्वारा पशुपालन विभाग के माध्यम से जिले के पंजीकृत गौशालाओं को भेजी गई 31 गौ लिफ्टर मशीनें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने राज्य भर के गौशालाओं को 3 करोड़ रुपये की लागत से गौ लिफ्टर उपलब्ध कराए हैं और गौ कल्याण की देखभाल के लिए अन्य पहल लगातार की जा रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने गौशालाओं के प्रबंधकों से भी बातचीत की और समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने पशुपालन विभाग को नियमित रूप से गौशालाओं का दौरा करने और पशुओं के टीकाकरण, चिकित्सा शिविरों के आयोजन और संपूर्ण रिकॉर्ड रखने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर पंजाब राज्य एससी आयोग के सदस्य रूपिंदर सिंह सीतल, हलका प्रभारी हरिंदर सिंह धालीवाल, डॉ. करमजीत सिंह उप निदेशक पशुपालन विभाग बरनाला, सदस्य पंजाब गौ सेवा आयोग अनिल बांसल नाना, श्री धीरज दधाहूर, डॉ. संजीव (एडीएपी), डॉ. सलीम (एसवीओ बरनाला), नोडल अधिकारी डॉ. रमनदीप कौर, डॉ. सुखहरमनदीप सिंह, डॉ. गगनजोत सिंह, डॉ. अभिनीत कौर सहित गौशाला प्रबंधक उपस्थित थे।

तीन युवकों ने पुजारी को कार में डालकर पीटा, मोबाइल छीनकर फरार होने का आरोप

डेली आवाज भारती

बरनाला (नवीन सिंगला काली) थाना सिटी बरनाला पुलिस ने पुजारी के साथ कथित तौर पर मारपीट करने, उसे जबरन कार में बैठाने और मोबाइल फोन छीनने के आरोप में मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में भगवंत दास पुत्र श्याम लाल पुत्र भगवानी शंकर, निवासी पुजारी बालाजी मंदिर, ढिल्लों नगर बरनाला, ने बताया कि 22 अगस्त 2026 को वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर पुजारी का सामान तथा फूल आदि लेकर पानी में तैराने के लिए जा रहा था। शिकायत के अनुसार जब वह पुल ड्रेन, बाजाखाना रोड पर पहुंचा तो उसने अपनी स्कूटी सड़क के किनारे खड़ी कर दी। इसी दौरान तीन युवक सफेद रंग की कार में वहां पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने भगवंत दास को जबरदस्ती पकड़कर कार में बैठा लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करने के बाद उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। आरोप है कि आरोपियों ने उसके मोबाइल फोन से उसके मोबाइल नंबर पर क्रमशः 15,000 रुपये और 20,000 रुपये की दो एंट्री भी कर लीं। बताया गया है कि इसके बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता को धक्का देकर कार से बाहर फेंक दिया और उसका मोबाइल फोन भी बाहर फेंक दिया। इसके बाद आरोपी कार लेकर मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए बयान में घटना के संबंध में कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और घटना में शामिल युवकों तथा कार की पहचान सहित पूरे मामले की जांच की जा रही है।

अमृतसर में एंबुलेंस की आड़ में ड्रग्स की तस्करी का भंडाफोड़, ड्राइवर समेत 8 गिरफ्तार

अमृतसर में एंबुलेंस की आड़ में ड्रग्स की तस्करी का भंडाफोड़, ड्राइवर समेत 8 गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने ड्रग तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और एंबुलेंस की आड़ में ड्रग्स का धंधा करने वाले ड्राइवर समेत कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में हेरोइन, अफीम और एक 30 बोर की पिस्टल बरामद की है। इस बारे में जानकारी देते हुए अमृतसर पुलिस कमिश्नर हरमनबीर सिंह गिल ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन के दौरान कुल 9 द्यद्द 549 ग्राम हेरोइन, 5 द्यद्द 459 ग्राम अफीम और एक 30 बोर की पिस्टल बरामद की गई है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस मामले में सबसे पहले राजिंदर सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 30 बोर की पिस्तौल बरामद हुई। उससे की गई पूछताछ के आधार पर विनय नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 4 द्यद्द से ज़्यादा अफ़ीम बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने प्रदीप सिंह को गिरफ्तार किया, जिसके पास से करीब 1 द्यद्द 224 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, प्रदीप सिंह एक प्राइवेट एम्बुलेंस का ड्राइवर है और वह एम्बुलेंस का इस्तेमाल ड्रग्स को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए करता था। इसी तरह, दूसरे मामले में नवनीत सिंह उर्फ कीरा को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से करीब 7.25 द्यद्द हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा, तीसरे मामले में बलजिंदर सिंह और अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत को गिरफ्तार करके 2 द्यद्द 535 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस पूरे नेक्सस में कुल 8 गिरफ्तारियां हुई हैं और यह ऑपरेशन कैंटोनमेंट, राजासांसी, ए डिवीजन और छेहरटा थाना इलाकों में चलाया गया है। पुलिस आरोपियों से और पूछताछ कर रही है और उनके खुलासे के आधार पर और गिरफ्तारियां और बरामदगी होने की संभावना है। पुलिस कमिश्नर हरमनबीर सिंह गिल ने कहा कि आरोपियों ने एम्बुलेंस का इस्तेमाल इसलिए किया क्योंकि एम्बुलेंस पर आमतौर पर कम शक होता है और ट्रैफिक में उन्हें प्राथमिकता दी जाती है। इसका फायदा उठाकर एक जगह से दूसरी जगह ड्रग्स सप्लाई किए जाते थे। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस एक पवित्र और मानवीय सेवा सुविधा है, जिसका इस्तेमाल मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए किया जाता है, लेकिन आरोपी इस सर्विस का गलत इस्तेमाल ड्रग्स की तस्करी के लिए कर रहे थे। पुलिस कमिश्नर ने यह भी खुलासा किया कि इस सांठगांठ के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं। आरोपी ड्रोन के जरिए बॉर्डर पार से हेरोइन और अफीम मंगवाते थे और फिर इसे पंजाब के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई करते थे। उन्होंने साफ किया कि बरामद अफीम भी पाकिस्तान से आई थी। हरमनबीर सिंह गिल ने कहा कि पुलिस ने अब खाली एम्बुलेंस, खासकर बिना मरीजों वाली एम्बुलेंस को चेकपॉइंट पर चेक करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा एम्बुलेंस ड्राइवरों का बैकग्राउंड और रिकॉर्ड भी ठीक से वेरिफाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरोपियों की मेडिकल जांच भी हो चुकी है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नशीली गोलियां बेचने के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार, 37 गोलियां बरामद

बरनाला (नवीन सिंगला काली) नशीली दवाओं की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना सिटी-2 बरनाला पुलिस ने एक व्यक्ति को कथित तौर पर नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 37 खुली नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार थाना सिटी-2 में तैनात सहायक उप निरीक्षक जसनदीप कौर 328/बरनाला को एक खास मुखबिर से सूचना मिली थी कि संबंधित आरोपी नशीली गोलियां बेचने का काम करता है। मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि यदि आरोपी की सेखा रोड पर तलाश की जाए तो उसे नशीली गोलियों सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कार्रवाई के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 37 खुली नशीली गोलियां बरामद होने का दावा किया गया है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

डेंगू के खिलाफ जंग के तहत हर सोमवार को डेंगू की रोकथाम के लिए गतिविधियां जारी रहती हैं: डॉ. गुरमिंदर औजला

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन सिंगला काली) : पंजाब स्वास्थ्य विभाग के निदेशक के निर्देशों के अनुसार, बरनाला जिले में ÷हर सोमवार, डेंगू से लड़ें÷ शीर्षक से एक विशेष अभियान शुरू किया गया। इसके तहत, स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने कारखानों, औद्योगिक इकाइयों, निर्माणाधीन भवनों, जिला जेल और आम घरों का दौरा करके मच्छरों के प्रजनन स्थलों की जाँच की और आम लोगों को डेंगू की रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूक किया। ये जानकारी बरनाला की प्रभारी सिविल सर्जन-सह-उप चिकित्सा आयुक्त डॉ. गुरमिंदर कौर औजला ने दी। जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. मुनीश कुमार और डॉ. साक्षी सोनी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते, नाक या मसूड़ों से खून आने जैसे लक्षण महसूस होते हैं, तो उन्हें तुरंत चिकित्सा सलाह लेनी चाहिए। स्वास्थ्य निरीक्षक गुरमेल सिंह ढिल्लों और सुरिंदर सिंह ने बताया कि इन दिनों डेंगू का मौसम चल रहा है। इसलिए, घरों, दुकानों और कार्यशालाओं में रखे टायरों, गमलों, पानी के बर्तनों, फूलदानों, कूलरों और रेफ्रिजरेटर की पिछली ट्रे आदि में जमा पानी को सप्ताह के प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को खाली करके धूप में सुखा देना चाहिए, ताकि मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। जिला जनसंचार एवं सूचना अधिकारी कुलदीप सिंह मान और उप जनसंचार एवं सूचना अधिकारी बलराज सिंह ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच और उपचार पूरी तरह से निःशुल्क है। स्वास्थ्यकर्मी जनसमुदाय के साथ सामूहिक बैठकों, पर्चों और पोस्टरों के माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

पंजाब के खेल जगत से: 87 वर्षीय छज्जू राम ने लंबी कूद और शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन सिंगला काली) : पंजाब सरकार के दिशानिर्देशों के तहत और उपायुक्त हरप्रीत सिंह आईएएस के नेतृत्व में बरनाला जिले में आयोजित हो रहे वतन पंजाब दियां प्रतियोगिता को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। आज बरनाला ब्लॉक में आयोजित वतन पंजाब दियां प्रतियोगिता के दूसरे दिन वरिष्ठ खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए युवाओं के लिए एक मिसाल कायम की। धनाउला निवासी 87 वर्षीय छज्जू राम ने आज बरनाला के बाबा काला मेहर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिताओं में 70+ वर्ग में लंबी कूद और शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीते। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वे 1998 से लगातार ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय खेलों में भाग लेते रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर तक स्थान प्राप्त कर चुके हैं।

स्थानीय भोजन का सेवन करके अभ्यास करने वाले अनुभवी एथलीट सुंदर सिंह (उम्र 59) ने आज बरनाला ब्लॉक में 51-60 आयु वर्ग में 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान बरनाला निवासी सरबजीत कुमार ने प्राप्त किया। रूरेके कलां गांव में जन्मे सुंदर सिंह लंबे समय से गांव के खेल के मैदान में एथलेटिक्स का अभ्यास करते आ रहे हैं और उन्हें स्थानीय भोजन का बहुत शौक है। वे आज भी अच्छी मात्रा में घी का सेवन करते हैं और उसे पंजीरी में मिलाकर खाते हैं। नशे से दूर रहने वाले सुंदर सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं। सुंदर सिंह के कोच मनप्रीत सिंह ने बताया कि वे दौड़ प्रतियोगिताओं के लिए बड़े जोश और दृढ़ संकल्प के साथ तैयारी करते हैं। सुंदर सिंह इससे पहले पंजाब भर में आयोजित विभिन्न मैराथनों में 5 और 10 किलोमीटर की प्रतियोगिताओं में भी स्थान प्राप्त कर चुके हैं।

दिवित बंसल ने अंतर्राष्ट्रीय अभिलेख पुस्तिका में अपना नाम दर्ज कराकर बरनाला का गौरव बढ़ाया

■ उपायुक्त हरप्रीत सिंह ने छात्र को सम्मानित किया

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन सिंगला काली) : बरनाला के प्रतिभाशाली छात्र दिवित बंसल ने अबेकस (मानसिक गणित) में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करके और अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराकर जिले को गौरवान्वित किया है। बरनाला स्थित स्टडी प्वाइंट एकेडमी (यूएसआईएमएएस) और सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की कक्षा 10 की एक छात्रा ने 4 से 3 अंकों वाले सेक्शन के 50 प्रश्नों को मात्र 41 सेकंड और 72 सेंटीसेकंड में हल करके एक रिकॉर्ड बनाया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बरनाला के उपायुक्त हरप्रीत सिंह आईएएस ने दिवित को सम्मानित किया और उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी माता ऋतु और पिता मुकेश बंसल ने इस सफलता का श्रेय बच्चे की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया।

गुलमोहर सिटी में परमिंदर सिंह गोल्डी की लोक मिलनी

समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर हुआ विचार-विमर्श

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): गुलमोहर सिटी में रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी (रजि.) गुलमोहर सिटी, खरड़ की ओर से लोक मिलनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हलका खरड़ के इंचार्ज स. परमिंदर सिंह गोल्डी ने विशेष रूप से शिरकत की और गुलमोहर सिटी के निवासियों की समस्याओं तथा विकास कार्यों से संबंधित मांगों को ध्यानपूर्वक सुना। लोक मिलनी में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जसदेव सिंह थिंद (डी.ए.जी. पंजाब) कम जनरल सचिव, रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी ने मंच संचालन की जिम्मेदारी निभाई। सोसायटी के सदस्यों ने गुलमोहर सिटी में पेवर ब्लॉक लगाने, पार्कों के विकास, सीवरेज व्यवस्था, स्वास्थ्य संभाल के लिए जिम की सुविधा उपलब्ध करवाने सहित अन्य जरूरी विकास कार्यों से संबंधित मांगें रखीं। इस दौरान रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी के खजांची एवं हलका खरड़ के मीडिया इंचार्ज बलजीत सिंह की ओर से गुलमोहर सिटी के विकास कार्यों से संबंधित मांग-पत्र सौंपा गया। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा सोसायटी की महिला सदस्यों ने भी इलाके से संबंधित विभिन्न समस्याओं और मांगों से अवगत करवाया। स. परमिंदर सिंह गोल्डी ने निवासियों की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए पंजाब सरकार की ओर से लोगों की भलाई के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं संबंधी जानकारी दी। उन्होंने निवासियों को विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा रखी गई जायज मांगों को पूरा करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 'बिल्ड समिट 2026' के साथ मनाया इंजीनियर्स डे

डेली आवाज भारती



मोहाली, (संदीप अकालगढ़िया): चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की ओर से इंजीनियर्स डे के अवसर पर 'बिल्ड समिट 2026' का शुभारंभ किया गया। 'इनोवेटिंग फॉर भारत' थीम पर आधारित इस तकनीकी सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के तकनीकी समाधान विकसित करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के बीच सहयोग को मजबूत करना रहा। सम्मेलन में ऊर्जा, मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा, एग्री-टेक और बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थी नवाचारकर्ताओं ने भाग लिया। बिल्ड समिट के दौरान विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता और टीम वर्क का प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का मंच प्रदान किया गया। इनमें 'इनोविजन' तकनीकी प्रदर्शनी, 24 घंटे का 'बाइटबिल्ट 1.0' इनोवेशन हैकाथॉन, 'आरसी ऑफ-रोड रोबो रेस' तथा 'एरियल ऑप्स ड्रोन चैलेंज' प्रमुख रहे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार नायक, पूर्व प्रमुख, न्यूक्लियर कंट्रोल्स एंड प्लानिंग विंग, परमाणु ऊर्जा विभाग, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर जय इंदर सिंह संधू सहित विभिन्न उद्योगों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी हरियाणा के पूर्व मुख्य अभियंता इंजीनियर आर.के. जैन को 'भारत निर्माण सम्मान अवार्ड' से सम्मानित किया गया। डॉ. अरुण कुमार नायक ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में देश के युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने और 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे ले जाने के लिए नवाचार और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्राथमिकता देनी होगी।

8 सप्ताह की पैरोल लेकर जेल से बाहर आया कैदी नहीं लौटा वापस, मामला दर्ज

डेली आवाज भारती

धनौला (राकेश जेठी) थाना धनौला पुलिस ने जेल से पैरोल पर बाहर आने के बाद निर्धारित समय पर वापस जेल नहीं पहुंचने वाले एक कैदी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार संबंधित कैदी नशीले पदार्थों से जुड़े पुराने मामले में सजा काट रहा था। पुलिस को केंद्रीय जेल बरनाला की ओर से प्राप्त सूचना के अनुसार कैदी सुखप्रीत सिंह उर्फ प्रीती पुत्र जसवीर सिंह, निवासी हरीगढ़ को 31 अगस्त 2026 को 8 सप्ताह की पैरोल पर जेल से बाहर आने की अनुमति मिली थी। पुलिस रिकॉर्ड में बताया गया है कि सुखप्रीत सिंह को थाना धनौला में दर्ज मामला नंबर 125, दिनांक 22 जुलाई 2019, धारा 21 NDPS Act के तहत अदालत द्वारा सजा सुनाई गई थी। वह उक्त मामले में सजा काट रहा था। रिकॉर्ड के अनुसार सुखप्रीत सिंह को 6 अगस्त 2025 को भी 8 सप्ताह की पैरोल पर जेल से बाहर भेजा गया था, लेकिन वह निर्धारित समय पर वापस जेल नहीं पहुंचा था। अब 31 अगस्त 2026 को दोबारा पैरोल पर छोड़े जाने के बाद उसके संबंध में जेल प्रशासन से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना धनौला पुलिस ने Punjab Good Conduct Prisoners (Temporary Release) Act, 1962 की धारा 8/9 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा अब आरोपी को दोबारा हिरासत में लेने तथा उसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

CMYK